
हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 42.4 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री


धूल से त्रस्त हैं अशोक नगर के लोग।



**खबर संक्षेप**

### 5 वकील गिरफ्तार मुचलका पर रिहा

**बिलासपुर।** महिला के नाम पर फर्जी क्लेम कर दावा पेश करने के मामले में पांच वकीलों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रेमिका कुजूर के नाम से क्षतिपूर्ति का दावा किया गया था। कोर्ट ने प्रेमिका कुजूर का बयान दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि उन्होंने न ता कोई दावा किया है और न ही किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं। जांच के बाद मामले में कोर्ट के प्रस्तुतकार जानेन्द्र दुबे की रिपोर्ट पर पुलिस ने 5 वकीलों खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया था। 18 अप्रैल को एएसआई गजेन्द्र शर्मा ने बताया, आरोपी वकील सूरज कुमार वस्त्रकार, एनपी चंद्रवंशी, शुभम चंद्रवंशी, संतोष कुमार यादव, भगवती कश्यप को गिरफ्तार कर थाने से मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है।

# सर्विसिंग सेंटर्स पर लाखों लीटर पानी की बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक ओर जहां राज्य और केन्द्र सरकारें भू-जल संवर्धन के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर कई योजनाएं चला रही हैं। वहीं जिले भर में संचालित होने वाले वाहन धुलाई सेंटर पीने योग्य पानी का दोहन कर लाखों लीटर पानी यूं ही बर्बाद कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि अधिकतर ऐसे सेंटरों के पर संचालन के लिए किसी भी प्रकार का लाइसेंस या अनुमति तक नहीं है।

निगम के मुताबिक 42 लोगों ने ही सिर्फ दुकान चलाने का गुमास्ता लाइसेंस लिया है, जबकि 100 से अधिक सेंटर बिना किसी कागज के पानी का दोहन कर रहे हैं। इसके साथ ही किसी भी सर्विस सेंटर के पास पानी को रीसायकल व फिल्टर करने का संयंत्र या वाटर ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है जो कि नियमतः इसके लिए बेहद जरूरी है। शहर के सभी धुलाई सेंटर में पानी को उपयोग के बाद नालियों में व्यर्थ बहा दिया जाता है।

शहर सहित जिले भर विभिन्न स्थानों में अवैध रूप से वाहन धुलाई सेंटरों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। जो लाखों लीटर पीने योग्य पानी को बर्बाद कर रहे हैं। धुलाई के नाम पर सैकड़ों लीटर पानी सडक़ों और नालियों में यूं ही बह जाता है। इस पानी बर्बादी पर किसी तरह कोई रोक या नियम कायदे नहीं हैं। कुछ धुलाई सेंटर तो जलदाय विभाग की पाइप लाइन से संचालित हो रहे हैं। लाइन से धुलाई सेंटर संचालकों ने अवैध रूप से कनेक्शन कर लिए हैं। रात में टंकियों को भरकर दिन भर धुलाई की जाती है। इससे आगे के निचले मोहल्लों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता है। जिम्मेदार विभागों के अधिकारी भी अभी तक इन संचालकों के खिलाफ काई ठोस कार्रवाई नहीं कर सका है।

**शहर में जगह-जगह खुल गए सर्विस सेंटर**




- एक दिन में पीने योग्य लाखों लीटर पानी वाहन धोने पर हो रहा व्यर्थ
- अधिकतर पर कनेक्शन से लेकर संचालन तक लाइसेंस नहीं



### लाइसेंस की जांच होगी

पीने योग्य पानी का दोहन गलत है। शहर में अवैध रूप से संचालित होने वाले वाहन धुलाई सेंटरों की जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस की भी जांच होगी।

\- अनुपम तिवारी, नोडल अधिकारी

### अवैध रूप से हो रहा सेंटरों का संचालन

शहर में एक दर्जन के आसपास ऐसे सेंटर संचालित हो रहे हैं। जिस कारण पानी तो बर्बाद होता ही है, इसके अलावा रोड पर फैल रहा पानी वाहन चालकों के लिए मुसीबत बना हुआ है। धुलाई सेंटर वाले यह तक ध्यान नहीं देते हैं कि रोड पर पानी पहुंचने से वाहन चालकों को परेशानी हो सकती है। जबकि यह सेंटरों का तय मानकों के आधार पर संचालन भी नहीं किया जा रहा है। जिससे शहर में चलने वाले सेंटरों का अवैध रूप से संचालन हो रहा है।

### एक कार धोने में 200 लीटर पानी खर्च

शहर में संचालित होने वाले एक दर्जन वाहन धुलाई सेंटरों पर अनुमानित एक कार की धुलाई पर तकरीबन 150 से 200 लीटर और दोपहिया वाहन पर 30 से 50 लीटर पानी खर्च होता है। एक सर्विस सेंटर संचालक एक दिन में औसतन 10 से 15 बाइक और चार से पांच चार पहिया वाहन की सफाई करते हैं। किन्हीं सेंटरों पर तो यह आंकड़ा और बढ़ जाता है। इस हिसाब से देखें तो इन सेंटरों पर वाहन धोने के नाम पर लाखों लीटर पानी नालियों में बहाया जा रहा है।

### पानी की बर्बादी रोकने कोई नियम या कानून नहीं

सबसे बड़ी बात कि सर्विस सेंटरों व धुलाई सेंटरों में वाहन धुलाई के नाम पर जल की बर्बादी को रोकने के लिए कोई नियम या कानून नहीं बना है। सरकारी अमले की सुस्ती, लापरवाही और कानून के प्रभावी न होने के कारण हर दिन शहरभर में दर्जनों सर्विस व धुलाई सेंटर और आम आदमी बड़ी बेरहमी से साफ और मीठे पानी को वाहन धोने में बर्बाद कर रहे हैं। हालांकि निगम और प्रशासन का कहना है कि इन सर्विस सेंटरों को जलदाय विभाग ने एक भी कनेक्शन नहीं जारी किया है, उसके बाद भी अवैध कनेक्शन लेकर पीने योग्य पानी को बर्बाद किया जा रहा है।

### 200 से 500 रुपए तक करते हैं चार्ज

शहर की ही बात करें तो अरपा के किनारे बसे पुराने नगर निगम की 461300 आबादी को रोज 72 एमएलडी के करीब पेयजल की सप्लाई 525 ट्यूबवेल और 25 पानी टंकियों से की जा रही है। शहर में करीब 42 हजार नल कनेक्शन भी है। हालांकि शहर के कई इलाके ऐसे हैं जहां पानी नहीं पहुंचने से लोग परेशान हैं। तो वहीं इन अवैध धुलाई सेंटरों में 100 से 300 रुपए में गाड़ी धोने के नाम पर सैकड़ों लीटर पीने का मीठा पानी बर्बाद किया जा रहा है। इस अहम मसले पर स्थानीय प्रशासन से लेकर जिम्मेदारों से लेकर हर किसी ने चुप्पी साध रखी है।


शनिवार को देवरीखुर्द मोड़ पर चक्काजाम करते लोग।

### मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने दिया आश्वासन

# सड़क पर उड़ती धूल से नाराज लोगों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देवरीखुर्द मोड़ पर लोगों द्वारा शनिवार को सांकेतिक चक्काजाम किया गया। लालखदान ओव्हरब्रिज से लेकर पुराना पॉवरहाउस चौक तक दोनों ओर की सड़क पर एक साथ एक तरफ लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य एवं दूसरे तरफ नगर निगम बिलासपुर द्वारा जल जीवन मिशन के तहत सड़क के किनारे पाइप डालने का काम किया जा रहा है। इसके कारण प्रतिदिन यहां पर यातायात बाधित हो रहा था। सड़क निर्माण के कारण धूल का गुबार उड़ रहा है, जिससे व्यवसायी एवं निवासियों को परेशानी हो रही है।

इन समस्याओं का कोई हल विभाग द्वारा नहीं निकाला जा रहा था। नियमानुसार पानी का छिड़काव होना चाहिए जो नहीं हो रहा था। इसलिए नागरिकों ने एकमत होकर एसडीएम बिलासपुर को लिखित पत्र देकर चक्काजाम करने की चेतावनी दी थी। आज सुबह 10 बजे चक्काजाम करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए। इसकी सूचना मिलते ही एसडीएम बिलासपुर के तरफ से बिलासपुर तहसीलदार प्रकाश चंद्र साहू मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों को चक्काजाम नहीं करने समझाने की कोशिश की कि आपकी समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग से एसडीओ ग्रोवर, ठेकेदार का साइड इंजीनियर, नगर निगम से जल विभाग के प्रभारी अनुपम तिवारी, तोरवा जोन आयुक्त श्रीमती मधुलिका सिंह, इंजीनियर चंद्रशेखर साहू मौके पर उपस्थित हैं। इसलिए आपके समस्याओं पर बातचीत कर समाधान निकाला जाएगा। लोगों की भीड़ सड़क पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे थे और चक्काजाम के लिए सड़क के बीच पहुंच गये थे। तहसीलदार के समझाईश और पीडब्लूडी, नगर निगम के अधिकारियों एवं आंदोलनकारियों के बीच चर्चा हुई। विभागीय अधिकारियों ने तहसीलदार बिलासपुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक गंगन कुमार के समक्ष आश्वस्थ किया कि नागरिकों द्वारा उठाये गये सभी बिंदुओ पर गंभीरता से कार्य करते हुए आज की सहमति का पालन किया जाएगा।

आंदोलन में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभयनारायण राय पार्षद इब्राहिम खान पूर्व पार्षद परदेशी राज पार्षद प्रत्याशी ब्रम्हदेव सिंह पूर्व सरपंच देवरीखुर्द मनिहारी सहित आसपास के प्रभावित व्यवसायी एवं निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### इन मुद्दों पर बनी सहमति

1. पानी का छिड़काव सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगा और प्रत्येक 2 घंटे बाद छिड़काव चलता रहेगा।
2. सड़क निर्माण का कार्य पहले एक तरफ की सड़क का पूर्ण होगा।
3. नगर निगम के पाइप बिछाने का कार्य मंगलवार तक पूरा कर लिया जाएगा।
4. सड़क निर्माण का कार्य का विवरण विभाग द्वारा बोर्ड लगाकर जनता को दिया जाएगा।
5. सात दिनों के अंदर एक तरफ के सड़क का डामरीकरण का कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा कर लिया जाएगा।

# नशे के लिए बेची दवा, बैच के आधार पर ड्रग विभाग का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में नशे का कारोबार महज शराब और नशे के समान तक नहीं सिमटा है, यह अब मेडिकल दुकानों से मिरगी, नींद की गोली और अन्य दवाओं तक फैल चुका है। ऐसे में ही एक मामले में ड्रग विभाग ने दो मेडिकल स्टोर में छापा मार कार्रवाई की है, अब विभाग नोटिस जारी कर दवा के संबंध में जानकारी जुटा रहा है।

दो माह पहले सरकंडा पुलिस ने घर से मिरगी की दवा क्लोनाजेफार्म (ब्रांड रिवोट्रील) के साथ महिला को गिरफ्तार किया था, महिला ने बताया था कि यह दवा उसकी नहीं है, लेकिन पुलिस ने बैच के आधार पर ड्रग विभाग को पत्र जारी कर मामले में जानकारी जुटाने कहा था। दो माह बाद ड्रग विभाग ने कंपनी व थोक मेडिकल स्टोर से मिले सूचनाओं के आधार पर सकरी क्षेत्र के नेचर सिटी के शिवम मेडिकल स्टोर और सकरी के नीरज मेडिकल स्टोर में छापा मारा। इस दौरान महिला से मिले बैच से संबंधित दवा यहां प्राप्त हुई जहां स्टोर में खरीदी का रिकार्ड रखा गया था, लेकिन बेचने से सबंधित ग्राहकों की डिटेल स्टोर संचालकों ने नहीं दिया। जिसके बाद मामला संदिग्ध होने पर ड्रग विभाग ने बैच जब्त कर लिया है और स्टोर संचालकों को नोटिस जारी कर एक हफ्ते में जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है।

- नेचर सिटी और सकरी की मेडिकल दुकानों में पड़ा छापा
- महिला को सरकंडा पुलिस ने 2 माह पहले किया था गिरफ्तार

### बिना प्रीस्क्रिप्शन के बेच दी दवा

ड्रग विभाग ने पाया कि मिरगी, नींद की दवा, दर्द की दवा बिना प्रीस्क्रिप्शन के बेची जा रही है, यह गंभीर मामला है। ऐसे में विभाग के अधिकारियों ने मेडिकल संचालकों को सबक सिखाने का मन बना लिया है। सहायक ड्रग संचालक भीष्म सिंह ने कहा कि ऐसे मेडिकल स्टोर की लगातार जांच जारी है, जहां भी लापरवाही पाई जा रही है, उस पर कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को भी ड्रग विभाग की टीम थोक दवा दुकानों में दबिश दी। इस दौरान मेडिकल काम्प्लेक्स और अन्य जगहों पर थोक दुकानों में संबंधित दवा के बारे में खोजबीन की गई है। ड्रग इंस्पेक्टर सुमन लता कंवर ने बताया कि थोक दवा दुकानों के द्वारा लाइसेंसधारी स्टोर को ही दवा बेची गई है, लेकिन जिन मेडिकल स्टोर में कार्रवाई की गई है, उन्होंने मरीज का रिकार्ड नहीं रखा है। मामले में अन्य मेडिकल स्टोर की जांच की जा रही है।

# स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष चुने गए पाराशर

**बिलासपुर।** कोरबा के वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र पाराशर स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष चुने गए हैं। बार काउंसिल में यह उनका दूसरा कार्यकाल होगा। इससे पहले के कार्यकाल में वह कार्य समिति के सदस्य चुने गए थे। शनिवार की शाम स्टेट बर काउंसिल के ऑफिस में कर समिति के सदस्यों ने अध्यक्ष पद का चुनाव किया।

रविंद्र पाराशर को सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में उन्हें अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया है। पूर्व में भी उनके द्वारा स्टेट बार में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया गया है। श्री पाराशर ने हरिभूमि को बताया कि अध्यक्ष पद की कमान संभालते ही उनके कंधों पर राज्य के अधिवक्ताओं के कल्याण, जूनियर वकीलों के लिए सुविधाओं का विस्तार और राज्य भर के अधिवक्ताओं व अधिवक्ता संघों से संबंधित महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आ गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि स्टेट बार काउंसिल नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। गौर तलब है कि स्टेट बार काउंसिल के चुनाव का



परिणाम 21 नवंबर 2025 को जारी कर दिया गया था। इससे पहले की लेकिन सभी पदाधिकारी का चुनाव हो इसमें अनियमितता का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी गई। बाद में सुप्रीम कोर्ट के टाइप जस्टिस के नेतृत्व में इन गड़बड़ियों की जांच में सब सही पाया गया। इसके बाद 18 अप्रैल की तिथि पदधिकारियों के चुनाव के लिए तय की गई थी। शनिवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ट्रेजरार और दूसरे पदों पर चुनाव संपन्न किया गया। इसमें रविंद्र कुमार पाराशर अध्यक्ष, विराट वर्मा उपाध्यक्ष और नरेंद्र सोनी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र दुबे स्टेट बार काउंसिल के नेशनल प्रतिनिधि चुने गए हैं।

**3 करोड़ 15 लाख की ठगी का मामला**

# आरोपी बिल्डर सहित दो की जमानत अर्जी खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कान्हा किसली में रिसोर्ट बनाने के नाम पर शहर के एक व्यक्ति से 3 करोड़, 15 लाख की ठगी करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी रायपुर के बिल्डर एवं उसके साथी ने पुलिस पर जबरिया गंभीर धारा जोड़ने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में जमानत अर्जी लगाई। पुलिस की डायरी का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने कई अन्य लोगों से और ठगी करने व मामला विचाराधीन होने से दोनों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

मिनोचा कालोनी निवासी विशाल सिंह चंदेल उर्फ विक्की की रायपुर प्रियदर्शनी नगर पचपेड़ी नाका राजेनद्र नगर निवासी दीपेन्द्र पाढ़ी पिता सुरेन्द्र नाथ पाढ़ी 56 साल से पिछले 30 साल से जान पहचान थी। श्री चंदेल परिवार के साथ दीपेन्द्र पाढ़ी के घर में किराए में रहते थे। दीपेन्द्र पाढ़ी, उसके दोस्त सरोना पार्थिवी प्रोविन्स कालोनी रायपुर निवासी कुसुमाकर राव भोसेले पिता स्व.गुलाब राव भोसले 59 साल ने उनसे वर्ष 2017 - 18 में मध्य प्रदेश कान्हा किसली में आईलैण्ड रिसार्ट बनवा रहे हैं कहकर अलग अलग किश्तों में 3 करोड़ 15 लाख रुपए ले लिया था। दोनों ने अपने फर्म आकेबी टेक के नाम से चेक में हस्ताक्षर कर दिया था। रुपया लेने के बाद दोनों ने श्री चंदेल को रुपया वापस नहीं किया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर परिवाद में दोनों के खिलाफ धारा 420, 211, 34, 467, 468, 120 के तहत जुर्म दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों आरोपियों ने पुलिस पर गंभीर धारा जोड़ने का आरोप लगाकर कोर्ट में जमानत अर्जी लगाई थी। एएसआई चंद्रकांत डहरिया के द्वारा मामले की केस डायरी कोर्ट में पेश की गई। उसमें बताया गया कि दोनों आरोपियों ने पीड़ित श्री चंदेल के अलावा डीपूपारा निवासी विवेक सिंह ठाकुर से रिसोर्ट बनाने के नाम पर 25 लाख रुपए लेकर वापस नहीं किया।

इसके अलावा इन्होंने अन्य कई लोगों से पैसा लेकर नहीं लौटाया है। 28 अगस्त 2023 को बैंक आफ बड़ौदा मुख्य शाखा बिलासपुर ने दीपेंद्र पाढी को डिफाल्टर घोषित कर दिया था। इसके अलावा 9 मई 2023 को उसकी संपत्ति नीलामी करने विज्ञापन जारी हुआ था। अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश अनिल प्रभात मिंज ने डायरी का अवलोकन करने के बाद मामला गंभीर व विचाराधीन होने से दोनों आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।



## खबर संक्षेप

### ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज

**तखतपुर।** ब्राम्हण समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 19 अप्रैल को शाम 4 बजे विधायक धर्मजीत सिंह के उपस्थिति में समाज के भवन मेनरोड़ बेलसरी के पास में आयोजित है। यह जानकारी अध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने दी।

## निधन

### कमला देवी वाधवानी



**बिलासपुर।** गली नं. 3, कश्यप कॉलोनी निवासी कमला देवी वाधवानी का 18 अप्रैल शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 अप्रैल रविवार शाम 5 बजे मधुबन श्मशान घाट, नारियल खोली में किया जाएगा। वे स्व. टेकचंद वाधवानी की पत्नी एवं दिनेश तथा सुनील वाधवानी की माता थीं।

### इंद्रावती गोयल

**बिलासपुर।** बी- 97, केपिटल सिटी फेज 3 , सड्डू रायपुर निवासी इंद्रावती गोयल का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 अप्रैल को देवेन्द्र नगर रायपुर से शमशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी। वे स्वर्गीय लखमी चंद गोयल की पत्नी एवं सीए मनोज गोयल की माता थीं ।

### गौकरण श्रीवास



**तखतपुर।** देवरी खुर्द निवासी गौकरण श्रीवास का 60 वर्ष की आयु में 18 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतितम संस्कार देवरीखुर्द में किया गया। वे प्रभात श्रीवास, पुत्री संतोषी रूखमणि श्रीवास के पिता थे घनश्याम श्रीवास के ससुर थे।

### राम बाई गुप्ता



**तखतपुर।** वार्ड 4 मेन रोड निवासी राम बाई गुप्ता का 85 वर्ष की आयु में 18 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार काशी में किया जाएगा। वे रमेश गुप्ता की मां, प्रीतेश गुप्ता की दादी थीं।

---

बाल भारती स्कूल में करियर टॉक वर्कशॉप का आयोजन

# लक्ष्य तय कर मेहनत कीजिए सफलता जरूर मिलेगी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

एनटीपीसी स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में करियर टॉक वर्कशॉप के अंतर्गत एक विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में एनटीपीसी सीपत के परियोजना प्रमुख स्वपन कुमार मंडल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा विद्यालय प्रबंधन से वाइस चेयरमैन विकास खरे, मानव संसाधन विभाग से प्रवीण रंजन भारती तथा तहसीलदार गरिमा ठाकुर की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, जीवन में सफल होने के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय करना और उस दिशा में निरंतर परिश्रम करना बेहद जरूरी है। असफलताओं से घबराने की बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र, प्रशासनिक सेवाओं, उद्यमिता और अन्य उभरते करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया कि, बदलते समय के साथ नई स्किल्स सीखना क्यों जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने करियर से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे। कलेक्टर ने सभी सवालों का सरल, सहज और प्रेरणादायक तरीके से उत्तर दिया, जिससे छात्रों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास देखने को मिला।



बच्चे को सम्मानित करते कलेक्टर।

पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही। कलेक्टर के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों में अपने भविष्य को लेकर स्पष्टता और प्रेरणा का संचार हुआ। विद्यालय के प्राचार्य शलभ निगम ने मुख्य अतिथि एवं सभी विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों से अवगत कराना, उन्हें लक्ष्य के प्रति जागरूक बनाना और भविष्य के लिए प्रेरित करना रहा।

---

भीड़ ने आरक्षक को पीटा, वर्दी फाड़ी, जान से मारने की धमकी

# अवैध शराब पर कार्रवाई करने पहुंची टीम पर हमला, जुर्म दर्ज

**जरहागांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम लोहराकापा में उस वक्त हालात बेकाबू हो गए, जब अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची आबकारी टीम पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। आरोपियों ने न सिर्फ शासकीय कार्य में बाधा डाली, बल्कि आरक्षक के साथ मारपीट कर उसकी वर्दी तक फाड़ दी। घटना 16 अप्रैल की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार आबकारी वृत्त मुंगेली की टीम उप निरीक्षक के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर गांव पहुंची थी। टीम ने धनसिंह पात्रे के घर दबिश देकर प्लास्टिक बोतलों में भरी अवैध शराब बरामद की, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। बताया जा रहा है कि, इसी दौरान गांव के कुछ लोग आक्रोशित हो गए और कार्रवाई का विरोध करने लगे। आरोप है कि अभिषेक पात्रे, अमर पात्रे और दुलोरिन ने टीम



को घेरकर गाली-गलौज शुरू कर दी। माहौल तब और तनावपूर्ण हो गया, जब एक व्यक्ति ने खुद को सेना में पदस्थ बताकर टीम पर दबाव बनाने की कोशिश की। देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। आरोपियों ने आरक्षक जयेंद्र नांदगौरी पर हमला कर दिया और हाथ-मुक्कों से बेरहमी से मारपीट की। हमले में आरक्षक के बाएं हाथ के अंगूठे और उंगली में गंभीर चोट आई। हमलावर इतने उग्र थे कि उन्होंने आरक्षक की वर्दी पकड़कर खींच दी, जिससे वर्दी के बटन टूट गए और कपड़ा फट गया। यही नहीं, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए पूरे घटनाक्रम के दौरान शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। मौके पर मौजूद उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षक और नगर सैनिक ने किसी तरह बीच-बचाव कर स्थिति को काबू में किया, अन्यथा हालात और बिगड़ सकते थे। घटना के बाद पीड़ित आरक्षक की शिकायत पर थाना जरहागांव में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही गई है। इस घटना ने अवैध शराब के खिलाफ चल रही कार्रवाई के दौरान टीमों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

---



# किशोरियों को लगाया गया सर्वाइकल कैंसर का टीका

**दगोरी।** 14 वर्ष पूर्ण कर चुकीं एवं 15वें जन्मदिन मनाने से पूर्व किशोरियों बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा में एचपीवी का टीका लगाया जा रहा है।

इसी क्रम में दगोरी की बालिकाओं को टीका लगवाया गया। विदित हो कि, पूरे क्षेत्र की किशोरी बालिकाओं को यहां शिशु रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति में टीका लगाया जा रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एस के गुप्ता के निर्देशन में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ धनेन्द्र चौहान ने टीम के साथ टीका लगाया एवं प्रमाण पत्र देकर किशोरियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बीपीएम अनिल गढेवाल, बीईई सुरेश बंजारे, नर्स पी दास, श्रुति खूंटे, ममता ध्रुव, श्रीकांत पाटले, महेंद्र सूर्यवंशी, अलखनंदा सूर्यवंशी, मितानिन पूर्णिमा, रानी कौशिक, सितारा देवी टंडन, शीलता देवी सन्नाट, संतोषी कौशिक सहित बालिकाएं उपस्थित रहीं।

---

# मातृशक्ति के अधिकार, सम्मान और नेतृत्व क्षमता को नकारने का प्रयास कर रही कांग्रेस : कौशिक

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने सिरगिट्टी में जिला मंत्री गायत्री दुबे के निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को सुना।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए लिए जा रहे जरूरी फैसलों का कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है और हर सुधार को खारिज करने में लगी है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी अपनी पुरानी गलतियों को सुधारने और महिलाओं के पक्ष में खड़े होने का अवसर भी खो चुकी है।उन्होंने यह भी कहा कि आज कांग्रेस अपना जनाधार खो चुकी है और क्षेत्रीय दलों के सहारे टिके रहने की कोशिश कर रही है। नारीशक्ति वंदन अधिनियम पर बोलते हुए प्रधानमंत्री जी ने दुख जताया कि जब यह प्रस्ताव गिरा, तब कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी पार्टियां तालियां बजा रही थीं, जो नारी सम्मान के खिलाफ है।इस



कार्यकर्ताओं के साथ पीएम का संबोधन सुनते धरमलाल कौशिक।

मौके पर श्री कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भरोसा दिलाया कि महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण के लिए सरकार लगातार काम करती रहेगी।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का विरोध दरअसल देश की मातृशक्ति के अधिकार, सम्मान और नेतृत्व क्षमता को नकारने का प्रयास है। यह करोड़ों बहनों की उम्मीदों पर सीधा आघात है। श्री कौशिक ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नारी सशक्तीकरण को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है, लेकिन विपक्ष की संकीर्ण सोच और दोहरे मापदंड साफ दिखाई दे रहे हैं। यह पहला अवसर नहीं है जब इन दलों ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति उदासीनता दिखाई हो, बल्कि बार-बार ऐसे अवसरों पर इन्होंने बाधा उत्पन्न की है। उनकी यह सोच नारी सशक्तिकरण के विरुद्ध है और देश की प्रगति में भी बाधक है।

---



# नवीन समिति तरईगांव का वर्चुअल शुभारंभ

**पेंड्रा।** गौरेला क्षेत्र के ग्राम तरईगांव में नवीन समिति का वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम 15 अप्रैल को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य पवन पैकरा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आरपी कोरी ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ईफको सदस्य नई दिल्ली द्वारिका प्रसाद सोनी, मंडल महामंत्री गौरेला घनश्याम राठौर, जिपं जीपीएम के सहकारिता सभापति भंवर सिंह गोवास, रामखिलावन गुर्जर, सरपंच तरईगांव राहुल सिंह, पूर्व सरपंच पाल सिंह, सीसीबी शाखा प्रबंधक पेंड्रारोड शिवकुमार मिश्रा, समिति प्रबंधक हेमराय साहू, मिलन सिंह राठौर, लालकुमार मांझी, शुभम साहू एवं आरएईओ अरविंद उर्मिलिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कृषक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने समिति के गठन को किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि, समिति के माध्यम से किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ बेहतर ढंग से मिल सकेगा और कृषि क्षेत्र में विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार मिश्रा व आभार प्रदर्शन समिति प्रबंधक हेमराय साहू ने किया।





# जावेद की टीवी पर होगी वापसी इस डांस रियलिटी शो में बनेंगे जज

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता जावेद जाफरी एक बार फिर टीवी की दुनिया में लौट रहे हैं। सोनी टीवी ने अपने चर्चित डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' का प्रोमो जारी किया है, जिसमें अभिनेता को जज की कुर्सी संभालते देखा जाएगा। शो की थीम इंडिया वाला डांस होगी, जिसके जरिए प्रतियोगी देशभर की विविध नृत्य शैलियों को पेश करेंगे। जाहिर है कि जावेद 1996 में आए लोकप्रिय डांस शो 'बूगी वूगी' में जज रह चुके हैं। 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' के प्रोमो में जावेद कहते हैं, कभी सोचा है कि स्टेज 30 बाय 30 के स्टेज पर, क्या 140 करोड़ लोग नाच सकते हैं? बिल्कुल नाच सकते हैं। इंडियाज बेस्ट डांसर के स्टेज पर होगा 'इंडिया वाला डांस'। ऐसे में सारा इंडिया नाचेगा।

लाइफ Style

# रश्मिका

## नई फिल्म 'मायसा' से उड़ाएंगी होश

एजेंसी ⏭ मुंबई

रश्मिका मंदाना अपनी नई फिल्म 'मायसा' में एकदम अलग अंदाज़ में नज़र आने वाली हैं। रॉविंद्र पुल्ले के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक रहस्यमयी एक्शन थ्रिलर है, जिसकी कहानी जनजातीय क्षेत्रों पर आधारित है। रश्मिका के जन्मदिन पर, टीम ने फिल्म का एक बेहद दमदार पोस्टर जारी किया। इसी के साथ, निर्देशक रॉविंद्र पुल्ले ने सोशल मीडिया पर रश्मिका की मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग के बारे में एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने रश्मिका को 'द वेपन' बताया और इसे 'निशानों में लिखी हुई जंग' कहा। फिल्म के टीज़र में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है, जिसके लिए रश्मिका अपने दमदार किरदार में जान फूंकने के लिए मार्शल आर्ट्स की कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस इंटरनेशनल स्टंट एक्सपर्ट एंडी लॉन्ग डिजाइन कर रहे हैं। वहीं, श्रेयस पी कृष्ण विजुअल्स संभाल रहे हैं और संगीत जेक्स बेजॉय ने दिया है। 'मायसा' के अलावा, रश्मिका जल्द ही शाहिद कपूर और कृति सैनन के साथ 'कॉकटेल 2' में, और विजय देवरकोंडा के साथ 'रानाबाली' में भी नज़र आएंगी।

> फिल्म के टीज़र में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है।




## हॉलीवुड मसाला



# मिर्याम बनकर पर्दे पर मचाएंगी तहलका

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स (सिनर्स) से मशहूर अभिनेत्री ली जुन ली सुपरहिट वेब सीरीज 'द लास्ट ऑफ अस' के तीसरे सीजन में मिर्याम का किरदार निभाएंगी, जो लेव और यारा की मां हैं। इस गर्मियों में शूटिंग शुरू होने वाली है। क्रेग मजिन, जो अब अकेले शो-रनर हैं, तबाही के बाद की इस हिट ड्रामा सीरीज की अगली कहानी को आगे बढ़ाएंगे। सीजन 3 में कास्ट और भी बड़ी हो गई है। इसमें एरियला बैरेर, तती गैब्रिएल और स्पेंसर लॉर्ड जैसे नाम लौट रहे हैं। इनके साथ ही, बेला रैमसे जैसे पुराने सितारे भी अपनी भूमिकाएँ निभाते दिखेंगे। इन नए जुड़ावों से फैंस को लेव और यारा की जिंदगी से जुड़ी और कहानियाँ देखने को मिलेंगी।




# 'टॉप गन 3' के साथ वापसी करेंगे टॉम क्रूज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं, जिसमें उन्हें एक बुजुर्ग व्यक्ति के किरदार में देखा जाएगा। हालांकि, दर्शकों को लुभाने का उनका सिलसिला अभी खत्म नहीं होगा, क्योंकि अभिनेता 'टॉप गन' फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त के साथ फिर लौटेंगे। पैरामाउंट ने निर्माता जेरी ब्रूकहाइमर के साथ मिलकर इस फ्रैंचाइजी की वापसी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म पर काम शुरू कर दिया गया है। अमेरिका के सिनेमाकॉन समारोह में, पैरामाउंट फिल्म के सह-प्रमुख जोश ग्रीनस्टीन ने 'टॉप गन 3' को लेकर बात की। उन्होंने कहा, फिल्म आधिकारिक तौर पर विकास के चरण में है, और इसकी पटकथा पर काम तेजी से चल रहा है।



# क्या हाथ लगेगी विक्की की महावतार...

**मुंबई।** 'छावा' की अपार सफलता के बाद, विक्की कौशल पौराणिक फिल्म 'महावतार' को लेकर चर्चा में हैं। अमर कौशिक की इस फिल्म में उन्हें भगवान विष्णु के छठे अवतार 'चिरंजीवी परशुराम' के किरदार में देखा जाएगा। पहले खबर थी कि निर्माता फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के लिए दीपिका पादुकोण से बात कर रहे हैं। फिर श्रद्धा कपूर का नाम चर्चा में आया। अब इस भूमिका के लिए मिस यूनिवर्स 2021 रहीं हरनाज संधू का नाम सामने आ रहा है। परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने बताया, फिल्म निर्माता 'महावतार' में विक्की कौशल के साथ एक नए चेहरे को कास्ट करके एक नई जोड़ी बनाना चाहते थे, और वे इस भूमिका के लिए हरनाज़ संधू से बातचीत कर रहे हैं। यह नई जोड़ी पंजाब के 2 मूल अभिनेताओं को एक साथ लाएगी।



# वरुण और कृति का धमाकेदार डांस...

**मुंबई।** कृति सैनन और वरुण धवन अपनी आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में एक बार फिर साथ दिखेंगे। फिल्म के आखिर में एक धमाकेदार डांस सीक्वेंस होगा, जिसमें ये दोनों नज़र आएंगे। डेविड धवन के निर्देशन में 16 अप्रैल को शूट किया गया यह ज़बरदस्त सीन फिल्म को एक मज़ेदार और यादगार विदाई देगा। यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य किरदारों में हैं। वहीं, कृति सैनन इस पोस्ट-क्रेडिट सीक्वेंस में एक कैमियो करती दिखेंगी। यह स्पेशल डांस नंबर फिल्म के युवा अंदाज़ को दर्शाता है और इसमें सैनन-धवन की शानदार केमिस्ट्री भी देखने को मिलेगी। इसके अलावा, वरुण और मृणाल पर फिल्माया गया गाना 'विवाह करवाडो जी' भी ऑनलाइन काफी पॉपुलर हो रहा है।

# खतरों के खिलाड़ी-15 में शहनाज तान्या व गौरव समेत कई सेलिब्रिटी लेंगे रिस्क




**मुंबई।** रियलिटी टीवी शो खतरों के खिलाड़ी के 14 सीजन लाइव हो चुके हैं। वहीं फैंस अब इसके 15वें सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसको लेकर काफी समय से चर्चा भी हो रही है। हालांकि अब खतरों के खिलाड़ी 15 जल्दी ही रिलीज होने वाला है। इसके लिए पहले मेकर्स ने प्रोमो भी जारी किया था। हालांकि ये प्रोमो एआई पर आधारित था। इस प्रोमो में कंटेस्टेंट्स का चेहरा नहीं दिखाया गया था। वहीं अब खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 के कंटेस्टेंट्स की जानकारी सामने आई है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो इस बार दर्शकों को अपने कुछ बेहतरीन और पसंदीदा एक्टर्स देखने को मिल सकते हैं। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में बिग बॉस 13 में अपनी बातों, अदाओं और टैलेंट से दिलों पर राज करने वाली शहनाज गिल नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही बिग बॉस 17 फेम समर्थ जुरेल और बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना और बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल भी इस सीजन में नजर आने वाली हैं। इतना ही नहीं खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में मशहूर कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान के पति शिरीष कुंदर भी नजर आ सकते हैं।

# उधार की कलम से सिगरेट के फॉयल पर लिखा गाना हो गया अमर

**मुंबई।** सुरों की कोकिला कही जाने वाली लता मंगेशकर ने एक ऐसा गाना गाया, जो अमर बन गया। आज भी जब ये गाना बजता है तो लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं लेकिन इसे लिखे जाने के पीछे की कहानी कुछ ऐसी है कि आप जानकर चौंक जाएंगे। चलिए जानते हैं कि इस गीत को कैसे लिखा गया।

## कौन सा है गाना?

हम जिस गाने की बात कर रहे हैं। उसके बोल हैं 'ऐ मेरे वतन के लोगों'। इसमें आवाज दी थी लता मंगेशकर ने और इसके बोल लिखे थे कवि प्रदीप ने। इसके अलावा इसे सी.रामचंद्र द्वारा संगीतबद्ध किया गया था। इस गाने को पहली बार 27 जनवरी 1963 को दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में लता मंगेशकर द्वारा पहली बार लाइव गाया गया था। यह गीत 1962 के भारत-चीन युद्ध के शहीदों को समर्पित था।

## कैसे लिखा गया गाना?

यह गाना कवि प्रदीप द्वारा लिखा गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि साल 1962 के दौरान भारत चीन से



युद्ध हार गया था। सभी देशवासियों और सैनिकों का मनोबल कम हो रहा था। उसी वक्त गीतकार-कवि प्रदीप मुंबई में शाम को समुद्र किनारे टहल रहे थे। तभी उनके दिमाग में एक गाना आया, जिसे लिखने के लिए उनके पास कलम नहीं था और कागज भी नहीं था। तभी उन्होंने एक आदमी से उधार की कलम ली और अपने जेब से सिगरेट का डिब्बा निकाला। फिर उसके फॉयल पर गाना लिख दिया। वह गाना कोई और नहीं, बल्कि 'ऐ मेरे वतन के लोगों' रहा।

# बॉक्स ऑफिस पर होगा सीक्वल और फ्रैंचाइजी का बोलबाला, धाक जमाने आएंगी ये फिल्में...

*__मुंबई।__ साल 2026 फिल्म फ्रैंचाइजी और लंबे समय से प्रतीक्षित सीक्वल के लिए सौगात बनकर आया है। आने वाले महीनों में कई फिल्में रिलीज होने के लिए तैयार हैं जो न सिर्फ अपनी पहली किस्त को आगे बढ़ाएंगी, बल्कि कुछ नए किरदारों का दर्शकों से सामना भी कराएंगी। इस सूची में अजय देवगन से लेकर शाहिद कपूर तक की बहुप्रतीक्षित सीक्वल फिल्में शामिल हैं। चलिए इन फिल्मों और इनकी रिलीज तारीख के बारे में जानते हैं।*



**'दृश्यम 3':** अजय अपनी 2 अक्टूबर की परंपरा को कायम रखते हुए 'दृश्यम' फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी के साथ लौटेंगे। इसका पहला भाग 2015 में और दूसरा भाग 2022 में रिलीज किया गया था। अक्टूबर, 2026 में विजय सलगांवकर (अजय) अपने परिवार को पुलिस की नजरों से बचाने के लिए आ रहे हैं। उनके साथ तब्बू, श्रिया सरन और इशिता दत्त जैसे सितारे अपने किरदारों में वापसी करेंगे। इस भाग को परिवार के अस्तित्व की कहानी का अंत माना जा रहा है।

**'कॉकटेल 2' और 'खोसला का घोसला 2':** शाहिद, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन अभिनीत 'कॉकटेल 2' 19 जून, 2026 को रिलीज होने वाली है, जिसका निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है। यह 2012 में रिलीज 'कॉकटेल' की दूसरी कड़ी है, जिसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी जैसे सितारे थे। 'खोसला का घोसला' की टोली भी दूसरी कड़ी लेकर लौट रही है। फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी के साथ पुराने सभी चेहरे फिर से दिखेंगे। यह फिल्म 28 अगस्त, 2026 को रिलीज होगी।

**'आवारापन 2' और 'धमाल 4':** इमरान हाशमी अपनी सुपरहिट फिल्म 'आवारापन' के सीक्वल को लेकर खूब चर्चा बटोर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म होने की कगार पर है। इसमें अभिनेता के साथ दिशा पाटनी नजर आएंगी। कक्कड़ द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगस्त, 2026 में सिनेमाघरों में आ सकती है। इसके अलावा, 'धमाल' फ्रैंचाइजी की टोली भी इस साल जुलाई में लौटने को तैयार है। अजय, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी समेत अन्य सितारे इस फिल्म का फिर से हिस्सा हैं।

# 'भूत बंगला' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर गाड़े झंडे

**मुंबई।** अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की सुपरहिट जोड़ी ने 14 साल बाद पर्दे पर वापसी करते हुए बॉक्स ऑफिस पर शानदार वापसी की है। फिल्म 'भूत बंगला' ने अपने पहले ही दिन उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया है। फिल्म की इस शुरुआत ने इस साल रिलीज हुईं कई फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। लंबे इंतजार के बाद अक्षय अपनी पसंदीदा शैली हॉरर-कॉमेडी में वापस लौटे हैं। आइए जानें उनकी इस फिल्म ने पहले दिन कितने करोड़ रुपये कमाए हैं।

अक्षय की 'भूत बंगला' पहले दिन रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' या सनी देओल की 'बॉर्डर 2' को टक्कर नहीं दे पाई। हालांकि, इसने शाहिद कपूर की ओ'रोमियो से लेकर रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3', वीर दास की 'हैप्पी पटेल' और 'अस्सी' जैसी 2026 में रिलीज हुई अन्य फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और बॉलीवुड में 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म ने पहले दिन 15.75 करोड़ रुपये कमाए हैं।



**न्यायालयः- श्रीमान् प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली जिला-मुंगेली (छ0ग0)**

रामफल निषाद.........................वादी

**बनाम**

बिमला बाई वगैर.............प्रतिवादीगण

वि0प्र0क्र0 09/2024

पेशी दिनांक 07.05.2026

प्रोसेस क्र0- 87/26

प्रति,

बिमला बाई उम्र 43 वर्ष पिता जगदीश लोधी निवासी ग्राम छिरहा, तहसील नवागढ़, जिला-बेमेतरा (छ0ग0)

**ईश्तहार**

वादी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध एक व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आपको प्रतिवादी क्रमांक 01 के रूप में संयोजित किया गया है। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 07.05.2026 को नियत है।

अतः आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाबदावा प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

यह आज दिनांक 24.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

**(जसविन्दर कौर अजमानी मलिक)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली, जिला-मुंगेली छ0ग0**

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**:: ईश्तहार ::**

क्रमांक 2456 /वा./वि.अ./2026
मुंगेली, दिनांक 16/04/26

आवेदक श्री यशवंत दास मानिकपुरी आ0 तुलसीदास मानिकपुरी, जाति-पनिका, उम्र-33 वर्ष निवासी ग्राम सारिसताल, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली छ.ग. एवं आवेदिका ललिता नारंगे आ0 मुन्ना लाल नारंगे जाति-सुर्यवंशी, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम मेकरी तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ0ग0

एतद् द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-05 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना प्रकाशन सर्व साधारण के लिए किया जाता है। इस विवाह पर यदि किसी प्रकार का कोई आपत्ति/दावा हो तो दिनांक 07.05.2026 को समय 03:00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नही होगा।

**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला-मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**- : सूचना : -**

क्र./ Q/तह./रा.नि./सीमा/2026
सरकण्डा, दिनांक 13/04/2026

**प्रति,**

1. पुष्पा रजक पति स्व.ईश्वर रजक 2. मुतर्जा हुसैन 3. दुर्गा तिवारी 4. मनहरण साहू 5. सीताराम 6. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

**विषयः** सीमांकन के समय उपस्थित होने की सूचना बाबत।

**संदर्भः** न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक/ /तह./रीडर/202 बिलासपुर, दिनांक 14/01/2026

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/ आवेदक पुष्पा पति स्व. ईश्वर रजक निवासी मंगला बिलासपुर द्वारा छ.ग.भू.-राजस्व संहिता की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. सरकण्डा, व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 1320/1 रकबा 0.1690 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर आदेश के परिपालन में दिनांक 20/04/26 को सुबह/दोपहर/ शाम, समय 10 से 05 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

**टीपः**-विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

**राजस्व निरीक्षक, सरकण्डा**
**तहसीलदार बिलासपुर**
**सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// विवाह सूचना का प्रकाशन //**

क्रमांक क/ /वाचक/अति.कले./2026
बिलासपुर, दिनांक 01.04.2026

आवेदक श्री लुकेश्वर प्रसाद शर्मा (तलाकशुदा) आत्मज स्व0 राम कुमार शर्मा (माता श्रीमती विमला देवी शर्मा) उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट नवापारा थाना सुहेला तहसील सुहेला जिला बलौदा बाजार भाटापारा छ0ग0 वर्तमान पता ग्राम पोस्ट वान्वजे फ्लैट ए-103 डेजीडालिया थाना पनवेल तहसील पनवेल जिला रायगढ़ (महाराष्ट्र) पिन 410208

एवं

आवेदिका नीलू देवी पाण्डेय (तलाकशुदा) पिता श्री राम रंजीत पाण्डेय उम्र 40 वर्ष निवास-वा0क0 59 कपिल नगर मार्क हास्पिटल के पास सरकण्डा थाना सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर छ0ग0

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 07.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



लुकेश्वर प्रसाद शर्मा



नीलू देवी पाण्डेय

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार के द्वारा अधिकृत होकर आम जनता को निम्न आशय की सूचना प्रकाशित कर रहा हूं :- मौजा ग्राम सकरी, म.न.02, प.ह.नं. 45, रा.नि.मं. सकरी, विकासखण्ड व तहसील सकरी एवं जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित खसरा नं. 429/7, रकबा 0.0289 हेक्टे. जो कि टोपेश जायसवाल आ. सियाराम जायसवाल द्वारा अनुबंधित भूमि है। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार तथा अनुबंधग्रहिता टोपेश जायसवाल के मध्य निष्पादित किया गया है, तथा बयाना राशि भुगतान किया गया है जिसकी रजिस्ट्री भविष्य में होना तय है।

अस्तु इस आम सूचना के द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा सकरी, म.न.02, प.ह.नं. 45, रा.नि.मं. सकरी, विकासखण्ड व तहसील सकरी एवं जिला बिलासपुर छ०ग०. में स्थित खसरा नं. 429/7, रकबा 0.0289 हेक्टे के संबंध में किसी व्यक्ति के द्वारा कोई अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया हो अथवा उक्त सम्पत्ति किसी सरकारी या गैर सरकारी बैंक या वित्तिय संस्थान में बंधक हो अथवा कोई व्यक्ति इस संबंध में कोई अधिकार रखता हो, तो ऐसा व्यक्ति इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेजों सहित आपत्ति दर्ज करावें। समयावधि के भीतर आपत्ति दर्ज नही करने पर मेरा पक्षकार विक्रय पत्र के पंजीयन हेतु अग्रसर होगा। ऐसी स्थिति में होने वाली किसी भी क्षति के लिए वह व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होगा। अस्तु सूचना जानें।

भवदीय (पंकज खेड़कर) अधिवक्ता
कार्यालय पोस्ट ऑफिस गली, टिकरापारा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. 9827177013

**आम सूचना**

मै, अपने पक्षकार श्री आकाश सर्वे पिता स्व.कैलाश सर्वे निवासी वार्ड नंबर 67, लोधीपारा, पुराना सरकण्डा बिलासपुर से अधिकृत हो कर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन करती हूँ कृपया अवगत होवें कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता बैंक जाना स्माल फाइनेंस बैंक लिमि. प्रा.अ. द्वारा दीपक जोशी पिता नरेंद्र जोशी के माध्यम से निलामी में भूमि जो कि प.ह.न. 19/29, मौजा मोपका, रा.नि.म. व तह. बिलासपुर जिला बिलासपुर में स्थित है जिसका ख.नं. 1815/2 का टुकडा जो कि नामांतरण पश्चात 1815/4, रकबा 1050 वर्गफुट है को क्रय करने का पक्का सौदा किया जा कर राशि अदायगी की चुकी है व निकट भविष्य मे पंजीयन कराया जावेगा। इस पंजीयन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय मे उपस्थित हो कर मय दस्जावेज सहित 07 दिनो के भीतर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करावें, समय सीमा व्यतीत होने पर की गई आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने।

**भवदीय**
**सविता पंजाबी**
**(अधिवक्ता)**
**Near Pump House**
**Tiwari Chal Bilaspur (C.G.)**
**M.- 09424150589**
**90982-46463**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### भारत की स्थिति एवं भविष्य निर्माण में युवाओं की भूमिका पर चर्चा



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयाम स्टडी सर्किल द्वारा साइंस कॉलेज में समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने समसामयिक वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य विषय "वर्तमान वैश्विक शक्ति-संघर्ष (यूएस-ईरान-इजराइल तनाव) के बीच भारत की स्थिति एवं भविष्य निर्माण में युवाओं की भूमिका" रहा। मुख्य वक्ता गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के पीएचडी स्कॉलर हर्ष राज ने वैश्विक परिदृश्य, कूटनीतिक संतुलन और भारत की रणनीतिक भूमिका को सरल एवं तथ्यात्मक रूप में स्पष्ट किया। इस अवसर पर अभाविप के अतींद्र धर दीवान, राहुल चौहान, प्रणव गौतम सहित वैष्णवी परसाई, नंदिनी कुमारी, सौरभ कुमार मिश्रा एवं अक्षत तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान वैश्विक तनाव के बीच भारत एक "संतुलनकारी शक्ति" के रूप में उभर रहा है, जो न केवल कूटनीतिक स्तर पर बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और वैश्विक शांति के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह भी रेखांकित किया गया कि युवाओं को केवल सूचना प्राप्त करने तक सीमित न रहकर, तथ्य आधारित विश्लेषण और विचारशील दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए। लगभग 80 प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता वाले इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में वैचारिक स्पष्टता, समसामयिक समझ एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त किया।

### कलश यात्रा के साथ माँ नष्ठी भवानी मंदिर में रामकथा प्रारंभ



**बिलासपुर।** माँ नष्ठी भवानी मंदिर शंकर नगर चुचुहिया पारा में पूज्य गुरुदेव श्री चक्र महा मेरु पीठम श्री श्री श्री सच्चिदानंद तीर्थ महाराज के सानिध्य में रामकथा एवं शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो श्रध्दालु शामिल हुए। इस यात्रा में झांकी, बैंड बाजा आकर्षण का केन्द्र रहा। श्री पूज्य गुरुदेव का स्वागत किया गया किया गया एवं साथ में चलने वाली महिलाओं के लिए जगह-जगह ठंडे पानी की व्यवस्था नारियल पानी व भोग प्रसाद की व्यवस्था मोहल्लेवासियों के द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में पूज्य गुरुदेव सच्चिदानंद तीर्थ महाराज के द्वारा सभी को आशीर्वाद प्रदान किया गया ।

### नि:शुल्क स्पोकन इंग्लिश व ग्रामर क्लासेस शिविर कल से

**बिलासपुर।** सर्वांगीण विकास एव रोजगार के अवसर दिलाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट गुप्ता समाज द्वारा नि:शुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लासेस व ग्रामर शिविर का आयोजन 20 अप्रैल से किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए अनुरोध किया गया है। अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं बिलासपुर जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया की प्रशिक्षण सुबह 10.30 बजे से 11.45 बजे तक रखा गया है। उक्त प्रशिक्षण शिविर 15 दिनों का है। प्रशिक्षण शिविर मयंक जायसवाल सेंटर आफ इंग्लिश आत्मानंद स्कूल के सामने गर्वमेंट स्कूल गांधी चौक के पास सेंटर में है।

### म्यूल बैंक खाते से लाखों का लेनदेन अब तक पकड़ा नहीं गया

**बिलासपुर।** बिल्डिंग मटैरियल सप्लायर के बैंक खाते से पिछले तीन महीने में देश के अलग अलग राज्यों से लाखों रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ अपराध कायम कर खानापूर्ति कर ली है, उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। कोनी पुलिस के अनुसार, भारत सरकार के पुलिस पोर्टल समन्वय के जरिए म्यूल उक्त अकाउंट की जांच करने कहा गया। साइबर सेल टीम ने जांच की तो पता चला आईडीबीआई बैंक के खाताधारक सेमरताल निवासी बिल्डिंग मटैरियल सप्लायर संजय साहू है, इनके खाते के संबंध में देश के अलग अलग राज्यों में 10 से ज्यादा साइबर शिकायतें पहले से दर्ज हैं। उनके खाते में साइबर फ्रॉड का पैसा ट्रांसफर किया गया है। बताया जाता है उक्त म्यूल बैंक खाते को 20 जनवरी 2026 को खुलवाया गया था। उसके बाद उक्त बैंक खाते में लाखों रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। यूपीआई और एटीएम के माध्यम से उक्त रकम को निकालकर दूसरे खातों में ट्रांसफर कर लिया जाता था। उक्त म्यूल अकाउंट का उपयोग आनलाइन ठगी के पीड़ितों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने, ठगी के पैसों को छिपाने लिए किया गया है। पुलिस ने बिल्डिंग मटैरियल सप्लायर के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। पुलिस फरार आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।

### 1 मई से 10 जून तक लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप "सुशासन तिहार" के तहत 1 मई से 10 जून के बीच आयोजित जन समस्या निवारण शिविरों की तैयारी को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बिलासपुर से ही मिलेगी कोलकाता की उड़ान | महज 1 से 2 यात्रियों के लिए चलानी पड़ रही फ्लाइट

# अंबिकापुर से नहीं मिल रहे कोलकाता के यात्री, 30 के बाद फ्लाइट चलने में संशय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जल्द ही अंबिकापुर से कोलकाता के लिए चल रही अलायंस एयर की फ्लाइट बंद हो सकती है। मई में फ्लाइट की बुकिंग बंद है। यात्रियों की कमी के चलते फ्लाइट बंद होने की आशंका बनी हुई है, हालांकि इसकी आधिकारिक सूचना नहीं मिली है।

अंबिकापुर से कोलकाला के बीच चलाई जा रही फ्लाइट को झटका लग रहा है। यात्रियों की कमी के चलते अलायंस एयर को बढ़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिसके चलते अलायंस एयर की वेबसाइट पर 30 अप्रेल के बाद की फ्लाइट नहीं है। अंबिकापुर से रोजाना 1 से 3 यात्रियों के द्वारा ही कोलकाता की फ्लाइट चलाई जा रही थी, 72 सीटर विमान में महज 1 -3 यात्री को लेकर उड़ना अलायंस एयर के लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा था, यही कारण है कि फ्लाइट को बंद करना पड़ सकता है लेकिन बिलासपुर से कोलकाता के लिए फ्लाइट चलेगी।



अलायंस एयर की वेबसाइट में बकायदा 30 अप्रैल के बाद की बुकिंग की जा रही है, ऐसे में यह तय है बिलासपुर से फ्लाइट चलने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

### बिलासपुर से 45 और अंबिकापुर से 10 यात्री

अंबिकापुर एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को बिलासपुर से 45 और अंबिकापुर से 10 यात्रियों को लेकर फ्लाइट उड़ी है। वर्तमान में फ्लाइट चल रही है और अलायंस एयर की ओर से फ्लाइट बंद होने की सूचना नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि शुरूआत में भले ही यात्री कम थे लेकिन अब प्रचार होने के बाद यात्री धीरे-धीरे बढ़ रहे है। खास बात यह है कि फ्लाइट गुरूवार और शनिवार को चलाई जा रही है। कोलकाता से फ्लाइट सुबह 7.55 बजे बिलासपुर पहुंचती है और 10.25 से उड़ान भर कर वापस कोलकाता जाती है।

निगम द्वारा लगाई गई कुछ मोटर भी खराब हो गई

# मंगला का नया तालाब सूखा, क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार, पार्षद का लोगों ने किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला क्षेत्र के धूरीपारा स्थित नया तालाब पूरी तरह सूख गया है। इसके साथ ही क्षेत्र में निगम द्वारा लगाए गए कुछ मोटर भी खराब हो गए हैं जिसके कारण पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पानी की परेशानी को लेकर लोगों ने शनिवार को पार्षद का घेराव भी कर दिया। पार्षद रमेश पटेल सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दे सके। पार्षद के मुताबिक निगम से कई बार मांग के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जोन आफिस से मरम्मत के लिए प्रस्ताव जरूर भेजा गया है।

शहर के मंगला वार्ड क्रमांक 13 में पीने के पानी को लेकर हालात चिंताजनक हो गए हैं। लोग सुबह-शाम पानी के इंतजार में परेशान हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार मंगला की दीनदयाल कॉलोनी सेक्टर-3 और सेक्टर-4 की टंकी, अलखधाम का मोटर, धुरीपारा तालाब का मोटर, वार्ड कार्यालय के पास लगा मोटर तथा अटल चौक मंगला का मोटर खराब पड़ा हुआ है। इन मोटरों के बंद होने के कारण नियमित जलापूर्ति बाधित हो गई है और कई घरों में पीने के पानी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।



पानी समस्या को लेकर पार्षद से चर्चा करते स्थानीय नागरिक।



मंगला का तालाब सूखा, पानी के लिए भटक रहे लोग।

### सुधार नहीं तो समस्या और विकराल होगी

वार्डवासियों की परेशानी को देखते हुए वार्ड पार्षद रमेश पटेल द्वारा फिलहाल टैंकरों के माध्यम से पानी की व्यवस्था कराई जा रही है, लेकिन यह व्यवस्था स्थायी समाधान नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोटर खराब होने की जानकारी नगर निगम के प्रशासनिकअधिकारियों को पहले ही दे दी गई है, इसके बावजूद अब तक समस्या का ठोस समाधान नहीं किया गया है। वार्ड के लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही मोटरों की मरम्मत या नई व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने के साथ पानी की समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है।

### तालाब सूखने के कारण वाटर लेवल नीचे

इधर मंगला क्षेत्र के धूरीपारा स्थित नया तालाब पूरी तरह सूख गया है। यह तीन एकड़ का तालाब क्षेत्र में निस्तारी के काम आता है। गौरतलब है कि वार्ड की कुल जनसंख्या करीब 15 हजार है। निगम में शामिल होने से पहले पंचायत रहने के दौरान तालाब का गहरीकरण, पीचिंग और दूसरे काम कराए गए थे। इसके बाद लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। अब तालाब सूखने के कारण क्षेत्र का वाटर लेवल भी काफी नीचे चला गया है। लोगों के मुताबिक टैंकर से पानी सप्लाई भी काम नहीं आ रही है।

## एजुकेशन प्लस

### होली क्रास स्कूल लालखदान में सीबीएसई 10 वीं के टॉपर्स छात्रों का सम्मान



**बिलासपुर।** होली क्रास स्कूल लालखदान में सीबीएसई 10वीं के टॉपर्स के छात्रों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ सिस्टर क्लेरिटा डिमेलो ने कहा कि विद्यार्थियों की यह शानदार सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी टॉपर्स को विद्यालय का गौरव बताया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं के टॉपर्स अनिमेष साहू, (95.8%) जयंत कुमार, (95.6%) अमन कश्यप (94.4%), तेज कुमार(94.8%), अरमान बंजारे(92.4%), आयुष सूर्या, (89.2%) सिद्धांत श्रीवास्तव (89%). एवं अनुष्का पांडे (89%)आदित्य बर्मन, प्रतीक राज(90%) को मंच पर आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

### त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 10 वीं बोर्ड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**सरगांव।** त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 वीं के छात्रों ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा श्रेया सिंह सुपुत्री सनत कुमार ठाकुर ने 90 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण कर विद्यालय में प्रथम रही।

अंकित सोनी पुत्र बुद्धेश्वर सोनी को 80 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ दूसरा स्थान मिला। रुद्र प्रताप मिश्रा सुपुत्र सूर्यप्रताप मिश्रा ने 75 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ तीसरा स्थान पाया। सार्थक जायसवाल सुपुत्र सुरेश प्रसाद जायसवाल ने 74.33 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ चौथा स्थान और ईशान तंबोली सुपुत्र ध्रुव कुमार तंबोली ने 73.67 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ पंचम स्थान अर्जित किया। स्कूल के प्रबंध संचालक राजेश त्रिवेदी, प्राचार्य सुशांत स्वपन, देवनाथ एवं शिक्षकों ने सभी छात्र छात्राओं को सफलता पर बधाई दी। श्री त्रिवेदी ने कहा कि इस वर्ष से शिक्षा के कई बेहतर प्रकल्प जैसे स्थानीय स्तर पर नीट जेईई की कोचिंग, कैरियर गाइडेंस की क्लासेज,स्मार्ट क्लासों की संख्या में वृद्धि एवं कुशल शिक्षकों की नियुक्ति कर एक श्रेष्ठतम शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने का प्रयास किया। विद्यालय का परिणाम 90 प्रतिशत रहा। द्वितीय प्रयास के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

## दो ठेकेदार से मारपीट कर 80 हजार की लूट


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मजदूर दिलाने का झांसा देकर दो ठेकेदारों को सूनसान इलाके में लेकर मारपीट कर 80 हजार रुपए लूटकर युवक भाग गए है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

कोनी पुलिस के अनुसार मध्य प्रदेश पन्ना निवासी शाहनगर पिपिरया निवासी दशरथ कुमार द्विवेदी पिता शिवकुमार छत सेट्रींग का ठेके में लेकर काम करते हैं। साइट में काम करने के लिए उन्हें 25 मजदूरों की जरूरत थी। 14 अप्रैल को सुबह 9 बजे उन्हें फोनकर करन नामक व्यक्ति ने बताया कि वे लोग छड़ का काम करते हैं। उनके पास 30 से 35 मजदूर हैं काम है तो बताया बोला। वे अपने दोस्त संजय उमलिर्या के साथ 15 अप्रैल को बिलासपुर आए। वीरू नामक व्यक्ति ने फोन कहां करन का भाई बोल रहा हैं मंदिर चौक आ जावो। वे लोग मंदिर चौक गए तो दोनों युवक आटो में बैठकर कोनी अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के पास सूनसान जगह पर उतरे। बीरू, मनोज और प्रकाश ने मजदूरों को ले जाने और खाने का खर्चा 35 हजार रुपए बताया। वह जेब से 35 हजार रुपए निकालकर गीन रहे थे। इसी दौरान युवकों ने उनके साथ मारपीट कर 35 हजार रुपए लूटकर भाग गए। इसी तरह अभय सिंह उईके, प्रकाश, मनोज एवं अन्य साथियों ने बिहार मुजफ्फरपुर सरैया निवासी ठेकेदार सुनील कुमार यादव को 14 अप्रैल को छड़ का काम करने के लिए मजदूर दिलाने बुलाकर कोनी पॉलिटेक्निक कालेज के पास मारपीट कर बेग को लूटकर भाग गए। बेग में 75 हजार रुपए नकद व आवश्यक दस्तावेज रखे हुए थे। पुलिस ने दोनों मामले में लुटेरों के खिलाफ बीएनएएस की धारा 309, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### भय दिखाकर ग्रामीण से 13 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** पोर्न फिल्म देखने पर अपराध कायम होने का भय दिखाकर एक ग्रामीण से 12 लाख 63 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई। साइबर सेल के सहयोग से 5 लाख रुपए होल्ड करा दिया गया है।



कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया, लारीपारा निवासी विजय साहू के पास अननोन मोबाइल नम्बर से फोन आया। उसने अपने आपको पुलिस वाला बताकर कहा वे नाबालिग बच्चों की पोर्न फिल्म देख रहे थे, उनके खिलाफ अपराध कायम होगा। पुलिसिया कार्रवाई से बचना चाहते है तो उनके बताए गए बैंक खाते नम्बर पर पैसा ट्रांसफर करें। उसके बाद कई तरह की जांच का बहाना बनाकर अलग अलग किश्तों में 12 लाख 63 हजार रुपए ट्रांसफर कराकर आनलाइन ठगी कर ली गई है। श्री साहू ने घटना की शिकायत साइबर सेल में की। साइबर सेल के सहयोग से बताए गए बैंक खातों में 5 लाख रुपए होल्ड करा दिया गया है। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बचपन स्कूल में समर कैंप कल से कक्षा 1 से 8 तक प्रवेश शुरू

**बिलासपुर।** मंगला चौक स्थित बचपन स्कूल में प्ले ग्रुप से लेकर केजी- 2 तथा कक्षा 1 से 8 तक प्रवेश लिया जा रहा है।

प्राचार्य ने बताया कि इसके अन्य शाखा सरकण्डा में प्लेग्रुप से लेकर केजी 2 तक प्रवेश प्रारम्भ है। गतौरी स्थित वचपन प्ले स्कूल व अचीवर्स पब्लिक स्कूल कक्षा से I से XI तक प्रवेश लिया जा रहा है । अपने बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रवेश सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक कार्यालय आकर करा सकते हैं। मंगला स्थित वचपन प्ले स्कूल में ग्रीष्म कालीन कैंप 20 अप्रैल से 9 मई तक किया जा रहा है जिसमें बच्चों के सर्वाङ्गीण विकास पर्सनालिटी डेक्लपमेंट, योगा, खेलकूद , डांस, संगीत, स्पोकन इंग्लिश स्टोरी टेलिंग ड्राइंग, फन गेम्स ऑर्ट एण्ड क्रॉफ्ट, पूल पार्टी एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियां प्रशिक्षित शिक्षिकाओं द्वारा प्रदान की जाएगी । छात्रों का पंजीकरण मंगला स्थित कार्यालय में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा।

### मोबाइल लोकेशन से पीछा कर एमपी से फरार गांजा तस्कर को पकड़ा

**बिलासपुर।** मोबाइल लोकेशन से पीछा करते हुए पुलिस ने फरार गांजा तस्कर को एमपी से पकड़ लिया है। पुलिस ने दोनों गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। ज्ञात हो कि एसीसीयू टीम व रतनपुर पुलिस ने नेशनल हाइवे नवापास चौक भेड़ीमुड़ा के पास घेराबंदी कर कटघोरा की ओर से आ रही अर्टिगा कार सवार शहडोल बुढार भुतहीटोला निवासी अमित कुमार केंवट पिता त्रिवेणी प्रसाद केंवट 33 साल को पकड़कर उसके कार से 245 किलो गांजा कीमत 1 करोड़ 22 लाख बरामद किया गया था। उसके मोबाइल में लगाकर एक मोबाइल नम्बर से फोन आ रहा था। एसीसीयू टीम उक्त मोबाइल नम्बर के लोकेशन के आधार उसके पीछे लग गई और एमपी में दबिश देकर अनुपपूर भालूमाड़ा भदरा कालरी निवास नीरज शुक्ला पिता अशोक शुक्ला 30 साल को पकड़कर लिया है।

### रेलवेकर्मी के सूने घर से 4 तोला सोने के जेवर, 50 हजार रकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** बीती रात रेलवेकर्मी के सूने घर में चोरों ने धावा बोलकर 4 तोला सोने के जेवर व 50 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। तारबाहर कंट्रक्शन कालोनी निवासी रेलवेकर्मी मनीष कुमार साहू ने बताया, 17 अप्रैल की रात 8.30 बजे तक वे घर में थे। उसके बाद घर के दरवाजे में ताला लगाकर शादी में शामिल होने चिंगराजपारा चले गए। शादी के बाद वे रात में रिश्तेदार के घर सिरगिट्टी जाकर सो गए। 18 अप्रैल की सुबह 9 बजे अपने घर आए तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी के लाकर से 4 तोला सोने के जेवर व 50 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। श्री साहू ने बताया, उनके घर के पास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है और कबाड़ी बिनने वालों का आना जाना लगा रहता है।

### प्रतिबंध के बाद बोर खनन मशीन और वाहन जब्त

**बिलासपुर।** जिला प्रशासन द्वारा गर्मी में गिरते भू जल को देखते हुए बोर खनन पर इसी महिने से प्रतिबंध लगाया है। बावजूद इसके बोर खनन का काम चल रहा है। सूचना मिलने पर प्रशासन की टीम ने तुरकाडीह में छापामार कार्रवाई करते हुए बोर खनन के दौरान मशीन वाहन को जब्त कर लिया है। जिले में गिरते भू-जल स्तर व पेयजल संकट को देखते हुए जिला प्रशासन ने नलकूप खनन, ट्यूबवेल खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने इस संबंध में 6 अप्रैल को आदेश जारी करते हुए 30 जून तक के लिए बोर खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। सकरी तहसील अंतर्गत ग्राम तुरकाडीह में अवैध बोर खनन की सूचना मिलने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बोर मशीन वाहन को जब्ती बना लिया है। सकरी तहसीलदार, सकरी थाना प्रभारी, थाना स्टाफ, हल्का पटवारी की संयुक्त टीम तुरकाडीह में छापा मारा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### संजू को मिली 50 लाख की प्रोत्साहन राशि

**बिलासपुर।** भारत को कबड्डी विश्वकप और एशियन चैंपियनशिप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली संजू देवी को राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी खिलाड़ी को इतनी बड़ी प्रोत्साहन राशि दी गई है।

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें यह राशि सौंपी। श्री साव ने इस दौरान बिलासपुर के चिंगराजपारा कबड्डी क्लब को कबड्डी मैट भी प्रदान किया। संजू को उनके शानदार खेल की वजह से पिछले साल नवम्बर में बांग्लादेश में आयोजित कबड्डी विश्वकप में मोस्ट वेल्युबल प्लेयर चुना गया था। कबड्डी विश्वकप के फाइनल में भारत को मिले 35 प्वाइंट्स में से 16 प्वाइंट्स अकेले संजू ने दिलाए थे।

### छग पेंशनर्स एसोसिएशन ने मनाया स्थापना दिवस

**बिलासपुर।** छग अधिकारी- कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का स्थापना दिवस कर्मचारी भवन में आयोजित किया गया। जिसमें पेंशनर्स कार्यालय में प्रत्येक माह की 10 तारीख को शाम 5 बजे मासिक बैठक होने, उस माह जन्म लेने वाले पेंशनर्स का जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया गया। 17 मई को जांजगीर में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होने बिलासपुर जिला से लगभग 100 पेंशनर साथी शामिल होंगे। समारोह में पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना लागू करने, शासन के तीर्थ यात्रा योजना में पेंशनरों को शामिल करने, केंद्र के पेंशनरों को देय तिथि से राज्य के पेंशनरों को महंगाई राहत देने आदि प्रस्ताव पारित करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। आज के कार्यक्रम में 10 से अधिक सेवानिवृत्ति कर्मचारियों ने पेंशनर्स एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर बिलासपुर जिला अध्यक्ष राजकुमार मिश्र , नंद कुमार साहू,एल पी श्रीवास , उमर कुरैशी, योगेश्वर सिंह क्षत्री , कुलदीप सिंह ठाकुर, विनोद शर्मा,डा प्रदीप राही, निरंकार तिवारी, अश्विनी मिश्रा,डी एन कश्यप,सी पी वाजपेई, राजीव कस्तूरे, कोमल पटनवार, राजेंद्र पांडेय, राजेंद्र गुप्ता, आशा सुबोध, सी एक्का, जी आर चंद्रा, पी आर यादव आदि शामिल थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### आयुष ने रचा कीर्तिमान हासिल किए 96.2% अंक

**सीपत।** सीपत क्षेत्र के सांई वाटिका निवासी यादव परिवार के होनहार पुत्र आयुष यादव ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं



परीक्षा में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आयुष, दीपक यादव एवं रामकुमारी यादव के सुपुत्र हैं, और बाल भारती पब्लिक स्कूल, सीपत के मेधावी छात्र हैं। आयुष की इस सफलता की खास बात यह रही कि, उन्होंने बिना किसी ट्यूशन का सहारा लिए केवल सेल्फ स्टडी के दम पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। आयुष ने नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और आत्म अनुशासन को अपनी सफलता का मूल मंत्र बताया।

### सीबीएसई 10वीं में आकांक्षा को 90 प्रतिशत अंक

**मल्हार।** सीबीएसई कक्षा 10वीं के घोषित परिणामों में लोयोला पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा आकांक्षा पाटले ने



90 प्रतिशत अंक हासिल कर नगर को गौरवान्वित किया है। आकांक्षा के पिता सरोज पाटले मल्हार वार्ड क्रमांक 8 के निवासी हैं, जो पामगढ़ थाने में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। आकांक्षा पाटले ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने बताया कि, नियमित पढ़ाई और अनुशासन ही उनकी सफलता की कुंजी है। आकांक्षा आगे चलकर प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज की सेवा करना चाहती हैं।

### बाल भारती स्कूल ने रचा सफलता का इतिहास

**सीपत।** एनटीपीसी सीपत बाल भारती पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम



प्राप्त कर उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छू लिया है। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा अनुष्का मंडल ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि शौर्य साहू एवं सस्मित राज ने 98.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं अयमान तनवीर ने 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल 66 विद्यार्थियों में से 23 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 47 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक तथा 61 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया।

### सारहा को सीबीएसई दसवीं में 89.2 प्रतिशत अंक



**तखतपुर।** सीबीएसई बोर्ड की कक्षा दसवीं में नगर के व्यवसायी एवं भारमल फ्यूल्स के संचालक हमजा भारमल की सुपुत्री सारहा भारमल ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है। सारहा ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं।

### डीएवी जरेली का शानदार प्रदर्शन 10वीं में शत प्रतिशत परिणाम



**पथरिया।** पथरिया क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल जरेली ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। इस वर्ष स्कूल से कुल 30 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें सभी सफल रहे। 14 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जबकि 7 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के करीब रहे। कक्षा में चंद्र प्रकाश 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान पर रहे, जबकि आशीष लहरी एवं भूमि अंचल ने 90.2 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह करण सिंह नेगी 88.4 प्रतिशत तीसरे, नीलू साहू 87.2 प्रतिशत चौथे व कुलदीप बंजारे 80.2 प्रतिशत पांचवे स्थान पर रहे।

### सर्वाइकल कैंसर के बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण शुरू



**मस्तूरी।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार के मार्गदर्शन एवं भूपेंद्र देवांगन बीपीएम की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की गई। इसमें किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर रोग से बचाने के उद्देश्य से ह्यूमन पैपीलोमा वायरस एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया एवं 6 बच्चों को टीके लगाए गए। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक खतरनाक रोग है, जो मुख्य रूप से ह्यूमन पैपीलोमा वायरस संक्रमण के कारण होता है। इस बीमारी से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन एक प्रभावी सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करती है जो गर्भाशय में कैंसर के संक्रमण को होने से रोकती है। बच्चों के माता, पिता की सहमति प्राप्त कर उनकी उपस्थिति में सफलतापूर्वक एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व एवं इसके लाभों के बारे में भी जागरूक किया।

### आईटीआई पथरिया में इंटर्नशिप के लिए पंजीयन प्रारंभ

**मुंगेली।** जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई पथरिया में इंटर्नशिप 2.0 के तहत पात्र आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह पंजीयन प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत योग्य युवाओं को देश के प्रतिष्ठित उद्योगों में इंटर्नशिप के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे युवाओं को तकनीकी दक्षता के साथ–साथ कार्य का अनुभव भी प्राप्त होगा, जो भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा।

## बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त होने से अवैध कब्जे की संभावना

# पुराने निर्माण की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

ऐतिहासिक एवं केंद्रीय संरक्षित स्मारक रतनपुर किला में पर्यटकों और स्थानीय निवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। जहां एक ओर नई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पूर्व में कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

किले के भीतर पर्यटकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था करते हुए नई कुर्सियां लगाई गई हैं। गार्डन क्षेत्र में भी चेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे मॉर्निंग वॉक और शाम को घूमने आने वाले लोगों को राहत मिल रही है। इसके साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए ठंडे पेयजल की व्यवस्था भी विभाग द्वारा सुनिश्चित की गई है। विभागीय जानकारी के अनुसार किले के अंदर की सड़कों का नवीनीकरण कार्य तेजी से किया जा रहा है। सड़कों को मजबूत और टिकाऊ बनाने के लिए बाहर से पत्थर मंगाकर निर्माण कराया जा रहा है, जिससे आवागमन सुगम हो सके। साथ ही हाथी किला परिसर के भीतर स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण भी प्रस्तावित है।



### सुरक्षा सुनिश्चित करने बाउंड्री वॉल की मरम्मत जरूरी

लोगों ने विभाग से मांग की है कि, पुराने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए, साथ ही बाउंड्री वॉल की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण जल्द कराया जाए, ताकि किले की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही लोगों ने विभाग वर्तमान में कराए जा रहे विकास कार्यों की स्थानीय लोगों ने सराहना की है, वहीं उम्मीद जताई है कि, नई योजनाओं के साथ-साथ पुरानी कमियों को भी दूर किया जाएगा।

### पूर्व में हुए कार्यों को लेकर नाराजगी

इधर, स्थानीय निवासियों ने पूर्व में ठेकेदार द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि, पहले बनाई गई सड़क अब कई स्थानों पर पूरी तरह उखड़ चुकी है, और केवल कुछ हिस्सों में ही बची है। इसी तरह बनाई गई बाउंड्री वॉल भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त होकर टूटने लगी है। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि, बाउंड्री वॉल के टूटने के कारण किले की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं, जिससे ऐतिहासिक धरोहर की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है।



## अक्षय तृतीया की तैयारी जोरों पर, मूर्तियां आकर्षण का केंद्र

**लोरमी।** ग्राम खपरीकला में अक्षय तृतीया की तैयारी हर्षोल्लास के साथ की जा रही है। बाजारों में मिट्टी से बने आकर्षक एवं जीवंत गुड्डा-गुड़िया अंचल में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

क्षेत्र में भगवान परशुराम जयंती के दिन ग्रामीण अंचल में मिट्टी के बने बर्तन एवं घड़े दान एवं गुड्डा-गुड़िया का विवाह प्रचलित है, जो आज भी प्रासंगिक है। ये पवित्र पावन पर्व पर अंचल में बिना मुहूर्त के वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। बाजार में खपरीकला के एक कुंभकार परिवार की मिट्टी से बने मूर्तियां आकर्षण के केंद्र बनी हुई हैं, जो बाजार में बिकने आई हैं। इस दौरान इनकी साफ-सुथरी मूर्तियां खरीदी करने लोगों की कतार लग रही है। अलग-अलग आकार में बनीं मूर्तियां लोगो एवं बच्चों के मन मोह रही हैं, वहीं खरीददार भी बेहिचक खरीदी कर रहे है।

## भीषण गर्मी का कहर, 42 डिग्री पर पहुंचा पारा, सड़कों में पसरा सन्नाटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हैं, जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ दिखाई दे रहा है। दोपहर के समय हालात और भी गंभीर हो जाते हैं, जब तेज धूप और लू के थपेड़ों के कारण बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

■ डॉक्टर्स ने दी बेवजह घर से बाहर न निकलने की सलाह

गर्मी से राहत पाने के लिए लोग तरह–तरह के उपाय अपना रहे हैं। विशेष रूप से ठंडे और तरल पदार्थों का सेवन बढ़ गया है। लोग पानी, छाछ, नींबू पानी, जूस और अन्य पेय पदार्थों का सहारा लेकर खुद को ठंडा रखने की कोशिश कर रहे हैं। बाजारों में भी इन पेय पदार्थों की मांग तेजी से बढ़ी है। डॉक्टर्स ने लोगों को सलाह दी है कि, वे अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, अधिक से अधिक पानी पिएं और शरीर को हाइड्रेट रखें। खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को इस भीषण गर्मी से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया है, तेज गर्मी के चलते समय से पहले गर्मी की छुट्टियों का ऐलान कर दिया गया है, 20 अप्रैल से 15 जून तक स्कूल बंद रहेंगे। जिले में इन दिनों भीषण का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों में देखा जा रहा है। ऐसे में शासन ने सभी स्कूलों को बंद रखने का फैसला लिया है। शासन ने भी लोगों से सतर्क रहने की अपील की है, और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम



**तखतपुर।** क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बेहतर पोषण स्तर को सुनिश्चित करना और अभिभावकों को संतुलित आहार के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों को पोषक आहार प्रदान किया तथा उनके स्वास्थ्य और विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही उपस्थित पालकों को बताया गया कि, बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए संतुलित एवं पौष्टिक भोजन कितना आवश्यक है। कार्यक्रम में शासन की ओर से आंगनबाड़ी के माध्यम से संचालित विभिन्न पोषण योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दी गई। इनमें गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं छोटे बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। इस दौरान उपस्थित पूर्व एल्डरमैन दिलीप तोलानी, पार्षद कैलाश देवांगन एवं पार्षद सुरेश देवांगन ने सभी पालकों से अपील की कि, वे अपने बच्चों के पोषण को प्राथमिकता दें और शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## जीपीएम जिले में 9 सड़कों के लिए राशि स्वीकृत



**पेंड्रा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को जशपुर स्थित रणजीता स्टेडियम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 2 हजार 225 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने वाली 774 सड़कों का वर्चुअल शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी मजबूत होगी, जिससे स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा, सरकार का लक्ष्य जनजातीय और दूरस्थ क्षेत्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा एवं उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, पुलिस अधीक्षक मनोज खिलारी, जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कार्यपालन अभियंता अनंत दीक्षित सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## साधु बनकर ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय, कार्रवाई की मांग

**मुंगेली।** नगर में इन दिनों भेष बदलकर ठगी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। ये ठग भगवा वस्त्र पहनकर साधु का भेष बनाकर ठगी में जुटे हुए हैं। नागरिकों ने धर्म की आड़ में लोगों के साथ ठगी करने वाले ऐसे साधुओं पर कार्रवाई की मांग की है।



क्षेत्र में इन दिनों कई प्रकार के भिखारी एवं ठग सक्रिय है, जो भगवा वस्त्र धारण कर धर्म की आड़ में रूपए की वसूली करने में जुटे हुए है। शनिवार को पुराने बस स्टैंड के पास एक व्यापारी की दुकान में 18-20 वर्षीय युवक भगवा वस्त्र पहनकर आया और खुद को साधू बताने लगा। साथ ही उसने रत्न पत्थर एवं प्रसाद देकर राशि की मांग करने लगा। व्यापारी ने उसे धर्म से संबंधित भगवान राम के वनवास एवं शिव जी के पांच नाम पूछे, तो वह सकपका गया। कभी वो खुद को पंजाबी संत बताता, कभी मांगने वाला। जब उसका आधार कार्ड चेक किया गया, तो उसकी पहचान कुछ और ही निकली। इससे स्पष्ट हो गया कि वह केवल ठगी के उद्देश्य से साधु का भेष धारण किया हुआ था। नागरिकों ने धर्म की आड़ में लोगों के साथ ठगी करने वाले ऐसे साधुओं पर कार्रवाई की मांग की है। इस संदर्भ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा ने नागरिकों से अपील की है कि, मोहल्ले या घर या दुकान पर आने वाले अनजान व्यक्तियों की पहचान पहले सुनिश्चित करें। आशीर्वाद या चमत्कार के झांसे में आकर कीमती सामान या पैसे न दें। संदिग्ध लगने पर तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

## हलवाई समाज को ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग तेज

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ हलवाई समाज को केंद्र सरकार की अन्य पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल कराने की मांग को लेकर जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में महत्वपूर्ण पहल करते हुए छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य अनीता डेकाटे के समक्ष समाज के प्रतिनिधियों ने विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया। जानकारी के अनुसार, हलवाई समाज वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तर पर पिछड़ा वर्ग में शामिल है, लेकिन भारत सरकार के राजपत्र में इसे अब तक ओबीसी के रूप में मान्यता नहीं मिली है। इसी विसंगति को दूर करने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन हलवाई समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गुप्ता के निवास पर हुआ, जिसमें समाज के विभिन्न पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान समाज की ओर से केंद्र स्तर पर पिछड़ा वर्ग में शामिल करने के लिए पुनः सर्वे एवं अनुसंधान कार्य प्रारंभ करने की मांग उठाई गई। साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा संचालित पिछड़ा वर्ग की योजनाओं का लाभ समाज तक पहुंचाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने भी भरोसा दिलाया कि, भविष्य में होने वाले सर्वे और अनुसंधान कार्यों में वे सक्रिय सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गुप्ता, अमर गुप्ता, तथा शशांक कुमार गुप्ता सहित अन्य



## महाविद्यालयों के बीच समझौता शैक्षणिक गुणवत्ता की नई पहल



**पथरिया।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शासकीय ज्वाला प्रसाद मिश्र विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली एवं वीरांगना अवंती बाई लोधी शासकीय महाविद्यालय पथरिया के बीच स्टूडेंट-फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए समझौता ज्ञापन पर आधिकारिक हस्ताक्षर किए गए। यह द्विपक्षीय समझौता दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग और समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

समझौते के तहत दोनों महाविद्यालयों के विद्यार्थी एक-दूसरे के संस्थानों में जाकर विशिष्ट विषयों पर व्याख्यान, सेमिनार और कार्यशालाओं में भाग ले सकेंगे। साथ ही उन्हें दोनों महाविद्यालयों के पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला संसाधनों का लाभ भी मिलेगा। इस पहल से विद्यार्थियों को विभिन्न शिक्षण शैलियों और आधुनिक पद्धतियों से परिचित होने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी समझ और सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी।

## अनुशासित शिक्षक ही निभाते हैं गुरु का दायित्व

# जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन आवश्यक

**बिलासपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजपुर में गुरुवार को वरिष्ठ व्याख्याता व प्रभारी प्राचार्य जेआर भारद्वाज के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त सम्मेलन में उच्चतर माध्यमिक शालाओं के प्राचार्यों, मिडिल स्कूलों के प्रधानपाठकों के अलावा वरिष्ठ कर्मचारी नेताओं व क्षेत्र के सम्माननीय नागरिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बीजा के प्राचार्य धूप सिंह क्षत्री थे, अध्यक्षता शा. उ. मा. शाला राजपुर की प्राचार्य श्रीमती कविता त्रिवेदी ने की। स्नेह सम्मेलन में उपस्थित वरिष्ठ व्याख्याताओं, प्राचार्यों व



कर्मचारी नेताओं ने श्री भारद्वाज के शिक्षकीय जीवन की उपलब्धियों, उनके अनुशासित जीवन का स्मरण करते हुए उन्हें साथी शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। अतिथियों ने एकस्वर से कहा कि हम सभी को श्री भारद्वाज की तरह अनुशासित जीवन जीना चाहिए, जिस तरह श्री भारद्वाज ने अनुशासित जीवन जीते हुए शिक्षा की अलख जगाई, वह अपने आपमें एक मिसाल है। उनके परिश्रम व लगन से इस क्षेत्र में शिक्षा का प्रकाश तेजी से फैला है।

सभी अतिथियों ने श्री भारद्वाज के भावी सुखमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सेवा निवृत्त शिक्षक डीआर कर्ष, बंशीलाल रजक, भरतलाल यादव, नंदकुमार साहू, हिमांचल साहू, बिसाहूराम साहू, विजय कुमार श्रीवास, विजय जाटवर, श्रीमती कौशल्या साहू, डीपी पटेल, छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश समन्वयक जीआर चंद्रा, राजपुर सरपंच राजू खांडे, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी के अलावा अखिलेश तिवारी, निकेश सिंह गौतम, धृकपाल पटेल सहित संकुल के वरिष्ठ शिक्षक, शाउमा शाला राजपुर के सभी शिक्षक व्याख्याता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता चिंताराम कर्माकर ने किया।

## तखतपुर आगमन पर वक्फ बोर्ड अध्यक्ष सलीम का स्वागत

**तखतपुर।** तखतपुर के समाज के लोगों ने मुझे जो स्वागत और सम्मान दिया है, मैं इससे अभिभूत हूं। मुझे ऐसा लग रहा है कि, मैं अपने लोगों के बीच में उपस्थित हूं। आप सभी ने जो मेरा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया है, उसके लिए मैं सभी तखतपुर वासियों का आभार मानता हूं। यह बातें वक्फ बोर्ड अध्यक्ष सलीम राज ने तखतपुर प्रवास पर अपने स्वागत के दौरान उपस्थित समाज के लोगों से कही। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष सलीम राज के तखतपुर आगमन पर जावेद जायसी की अगुआई में गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया गया। जैसे ही अध्यक्ष का काफिला बेलसरी नाका के पास पहुंचा, वहां जावेद जायसी समाज



के अन्य लोगों के साथ पहुंचें और फू-माला से उन्हें लाद दिया गया। इस अवसर पर शेख जैनुल, जुनेद जिंदरान, डब्बू खान, फैजल खान, नट्टू जायसी सहित अन्य उपस्थित रहें।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



**भ्रमण**

## नेपाल प्राकृतिक अध्ययन के लिए स्काउट्स-गाइड्स रवाना



**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्काउटर एवं गाइडर नेपाल में आयोजित प्राकृतिक अध्ययन के लिए उत्साहपूर्वक रवाना हुए। यह दल बिलासपुर के नेहरू चौक से बस द्वारा प्रस्थान किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार टांडे एवं जिला मुख्य आयुक्त चंद्रप्रकाश बाजपेयी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए इस यात्रा को ज्ञानवर्धक और अनुशासनपूर्ण बनाने की प्रेरणा दी। इस हाइक में कुल 40 दल भाग ले रहे हैं, जो विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतिभागियों को इस दौरान देश की विविध सांस्कृतिक विरासत को समझने और अनुभव करने का अवसर मिलेगा। यह यात्रा साहसिक गतिविधियों के साथ-साथ प्रकृति के निकट रहकर सीखने, आत्मनिर्भरता विकसित करने और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

**कार्यक्रम**

## शहर की वारिजा को भरतनाट्यम में मिली स्कॉलरशिप



**बिलासपुर।** शहर के लिए गर्व का विषय है कि प्रतिभाशाली नृत्यांगना वारिजा विजयराय को सेंटर फॉर कल्चरल रिसर्च एंड ट्रेनिंग नई दिल्ली की ओर से भरतनाट्यम नृत्य के लिए प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। यह स्कॉलरशिप देशभर के चुनिंदा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय कलाओं के संरक्षण एवं प्रोत्साहन के उद्देश्य से दी जाती है। वारिजा ने अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट नृत्य कौशल के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। वारिजा विजयराय, बिलासपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं और पिछले कई वर्षों से भरतनाट्यम का विधिवत प्रशिक्षण नृत्यार्थी कलाशेत्रम् में ले रही हैं। इस उपलब्धि में उनके मार्गदर्शक डायरेक्टर डॉ रतीश बाबू का विशेष योगदान रहा है, वहीं उनकी नृत्य शिक्षिका सुमी अजय के निर्देशन में उन्होंने अपनी कला को निखारा है। विभिन्न मंचों पर उनकी प्रस्तुतियों को दर्शकों और विशेषज्ञों से सराहना मिलती रही है।

**आयोजन**

## छात्राओं को शास्त्रीय संगीत की गायन शैलियों की दी जानकारी



**बिलासपुर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय बिलासपुर में शनिवार को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें संगीत प्रोफेसर डॉ दीपक बेडेकर ने विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की विभिन्न गायन शैलियों की जानकारी दी। व्याख्यान में लगभग सौ से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बी.ए., बी.एससी. एवं बी. काम के वे सभी विद्यार्थी उपस्थित थे, जिन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत 'नाथ शिल्प' विषय का चयन किया है। अपने व्याख्यान में डॉ बेडेकर ने ख्याल के साथ ही ध्रुपद, धमाल, ठुमरी, दादरा, टप्पा एवं तराना जैसी विभिन्न गायन शैलियों से उदाहरण सहित परिचय कराया। उन्होंने यह भी बताया कि ये शैलियां किस काल में प्रचलित रही। विद्यार्थियों ने पूरे व्याख्यान के दौरान विषय को गहराई से समझने का प्रयास किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिका हिरनी रानी आगर एवं राजकुमार शर्मा उपस्थित रहे।

**धर्म-क्षेत्र**

## धन गुरु दरबार में 40 दिवसीय जपजी साहेब का अखंड पाठ शुरू



**बिलासपुर।** सिंधी कॉलोनी स्थित धन गुरु नानक डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग दरबार में इच्छा पूरक 40 दिवसीय 5 जपजी साहिब अखंड पाठ का आरंभ कल्याण दरबार के प्रमुख भाई साहब जसकीरत सिंह ने किया। श्री जपजी साहिब के अखंड पाठ में 24 घंटे पाठ किया जा रहा है। इस पाठ में शहर के अनेक श्रद्धालु अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी कड़ी में प्रातः 5 बजे समस्त श्रद्धालुओं के साथ मिलकर सुखमनी साहिब का भी पाठ किया जा रहा है। कल्याण दरबार के प्रमुख भाई साहब जसकीरत सिंह ने विश्व कल्याण के लिए अरदास की। भाई रोशन सिंह ने सत्संग कीर्तन कर संगत को निहाल किया। गुरु का दीवान भी सजाया गया। सेवादारों ने बताया कि श्री जपजी साहिब का अखंड पाठ निरंतर 40 दिन तक चलेगा। इसका समापन 29 मई को किया जाएगा।

# परशुराम के विग्रह की पूजा कर की गई महाआरती

**समग्र ब्राह्मण समाज एवं परशु सेना बिलासपुर द्वारा आयोजित भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के चार दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस लोखंडी स्थित आशीर्वाद भवन में अंचल के प्रथम भगवान श्री परशुराम के विशाल विग्रह की विप्रजनों ने पूजा-अर्चना कर महाआरती की। प्रसाद एवं स्वरूचि भोज का भी आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस दौरान बड़ी संख्या में जुटें विप्रजनों ने भगवान के जयकारे के साथ भगवान परशुराम की जीवन गाथा की चर्चा की एवं उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके अलावा आगामी सभी कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शामिल होकर जन्मोत्सव कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने का भी संकल्प लिया गया।

परशु सेना के आदर्श दुबे ने बताया कि चार दिवसीय जन्मोत्सव के अंतर्गत रविवार 19 अप्रैल को हॉटल आनंदा इंपीरियल में समाज द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। 20 अप्रैल को कान्य कुब्ज ब्राम्हण समाज के भवन में भगवान परशुराम की पूजा और प्रसाद का वितरण, श्री घोंघा बाबा मंदिर में निःशुल्क उपनयन संस्कार और राजकिशोर नगर में भगवान श्री परशुराम की भव्य आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सरकंडा बिलासपुर निवासी सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर पं नर्मदा प्रसाद पाण्डेय एवं किशोरी पांडेय ने मंच के प्रदेशाध्यक्ष बीके पाण्डेय को आशीर्वाद भवन के नवनिर्माण में सहयोग स्वरूप पांच लाख रुपए दान स्वरूप प्रदान किया।



■ आज शिविर में बड़ी संख्या में युवा करेंगे रक्तदान, चार दिवसीय परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आगाज



### शोभायात्रा 21 को निकाली जाएगी

21 अप्रैल को परपंरा अनुसार शीतला माता मंदिर दयालबंद से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसका पं. देवकीनंदन दीक्षित स्कूल में धर्मसभा के रूप में समापन होगा। इस अवसर पर धर्मसभा में आशीर्वचन देने श्री जगदगुरू रामानुजाचार्य, श्री स्वामी घनश्यामाचार्य महराज उपस्थित रहेंगे। तत्पश्चात महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा का जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा मार्ग को तोरण, झंडों से सजाया जाएगा। भव्य स्वागत द्वार भी बनाएं जाएंगे। शोभायात्रा में बैंड, स्थानीय नर्तक दल प्रयागराज की झांकियां, बस्तर वाद्य यंत्र आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### ये रहे मौजूद

लोखंडी में हुए कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश वाजपेयी, अरविंद दीक्षित, प्रदीप शुक्ला, बीके पाण्डेय, सुदेश दुबे, विवेक वाजपेयी, विनय शर्मा, राजकुमार तिवारी, महेश दुबे, मनोज तिवारी, अमित तिवारी, संतोष पाण्डेय, सुषमा बाजपेयी, शैलेष पाण्डेय, अनूप पांडेय, आदित्य त्रिपाठी, राजेश पाण्डेय, मनोहर लाल मिश्र, रश्मि लता मिश्रा, लक्ष्मी कांत दीक्षित, आलोक त्रिवेदी, दिनेश बाजपेयी, कमलेश मिश्र, प्रभात अवस्थी, सुरेन्द्र तिवारी, डॉ राजीव अवस्थी, करूणा शंकर अवस्थी, जितेन्द्र पांडेय, संतोष मिश्र, महर्षि बाजपेयी, मनीष शर्मा, अमित शुक्ला, सोमू दुबे, धनंजय पांडेय, शिवप्रसाद बाजपेयी, बृजेश तिवारी, चूक्की तिवारी, डॉ उषा किरण बाजपेयी, जितेन्द्र चौबे, शिवा मिश्र, अरविंद दीक्षित, प्रशांत तिवारी, सुशील धर दीवान, प्रदीप शर्मा, अनुराग पांडेय, पवन तिवारी, शरद शुक्ल, मनोज शुक्ला, प्रतीक तिवारी, सिद्धांत दुबे, सच्चिदानंद मिश्रा, संजय शर्मा, युगल शर्मा, अर्चना तिवारी, मीनू दुबे, सीमा पाण्डेय, प्रतीक तिवारी, युवराज तिवारी, श्रीकांत उपाध्याय, संदीप वाजपेयी, मोहित मिश्रा समेत बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

# परशुराम जन्मोत्सव पर सरकंडा में शोभायात्रा निकलेगी कल

भगवान परशुराम जन्मोत्सव व अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सरकंडा क्षेत्र में भगवान श्री परशुराम महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस वर्ष पहली बार आयोजित हो रही इस शोभायात्रा को लेकर क्षेत्र भर के लोगों में उत्साह है। आयोजन की तैयारियां भी जोरों पर की जा रही है।

आयोजकों ने बताया कि सोमवार 20 अप्रैल को दोपहर ढाई बजे राजकिशोर नगर स्थित श्री परशुराम चौक से ध्वज पूजन के साथ बाइक रैली की शुरुआत होगी। इसके बाद दोपहर साढ़े 3 बजे अशोकनगर चौक पहुंचकर संत शिरोमणि श्री राम भिक्षुक दास महाराज की मूर्ति की पूजा-अर्चना की जाएगी। यहां से बाइक रैली पदयात्रा में परिवर्तित होकर भव्य शोभायात्रा का रूप लेगी। जिसमें विभिन्न धार्मिक झांकियां शामिल रहेगी। शोभायात्रा के नूतन चौक पहुंचने पर ग्राम देवता, ठाकुर देवता और स्फटिकेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की जाएगी। फिर यहां से शोभायात्रा आगे बढ़ेगी। रिवर व्यू में अरपा मइया की आरती की जाएगी। रास्ते में विभिन्न समाजों और नागरिकों द्वारा शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा सीपत चौक, श्रीराम सेतु चौक होते हुए अरपा नदी पुल पार कर बाजपेयी मैदान पहुंचेगी। यहां वरिष्ठजनों द्वारा ध्वज को श्रीराम मंदिर में अर्पित किया जाएगा। इसके पश्चात संत समागम, धर्म सभा, प्रवचन, सम्मान समारोह एवं प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। भगवान श्री परशुराम सेवादार समिति एवं परशुवीर के पदाधिकारियों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। सरकंडा क्षेत्र में पहली बार निकलने जा रही इस शोभायात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। लोग अपने घरों के सामने पूजा-अर्चना और स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए हैं।





ध्वज पूजन के साथ बाइक रैली, परशुराम सेवादार समिति एवं परशुवीर का आयोजन

### गांव के लोगों की भी रहेगी सहभागिता

सरकंडा क्षेत्र में पहली बार आयोजित हो रही इस शोभायात्रा में राजकिशोर नगर, श्री विहार, वसंत विहार, बहतराई, बिजौर, उरतुम, परसाही, बैमा-नगोई, बिरकोना, सेमरताल, सेंदरी, गतौरी सहित आसपास के दर्जनों गांवों व मोहल्लों के लोग शामिल होंगे।

# पर्यावरण संतुलन पृथ्वी के अस्तित्व का आधार

## विद्यार्थियों में पर्यावरण चेतना का संचार



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय वनस्पति विज्ञान दिवस के अवसर पर सीएमडी कॉलेज के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा दो दिवसीय शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रति जागरूकता विकसित करना था, प्रथम दिवस रंगोली एवं पुष्पगुच्छ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि अमन दुबे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

अमन दुबे ने कहा कि "वनस्पति विज्ञान केवल एक विषय नहीं,बल्कि मानव जीवन, पर्यावरण संतुलन और पृथ्वी के अस्तित्व का आधार है।" उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ संजय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में वनस्पति विज्ञान का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मानव जीवन की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डॉ आदित्य दुबे ने वनस्पति विज्ञान को आर्थिक विकास और कृषि से जोड़कर बताया। डॉ हर्षा शर्मा ने औषधियों के निर्माण में पौधों की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ स्मृति पांडेय ने पर्यावरण संतुलन में सूक्ष्मजीवों एवं वनस्पतियों की अहम भूमिका को रेखांकित किया।

### प्रतियोगिता परिणाम

रंगोली में प्रथम स्थान आंचल सूर्यवंशी एवं रोशनी कुमारी। पुष्पगुच्छ प्रतियोगिता में विजेता विश्वकर्मा। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजनी कुमार साहू रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ स्मृति पांडेय, रामेश्वर पटेल, अभिषेक कुमार कर्ष, प्रीति चौबे, राजेश निराला, प्रियदर्शिनी मंडल अन्य प्रमुख प्राध्यापकगण जिनकी गरिमामयी उपस्थिति रही, डॉ. हर्षा शर्मा, डॉ आदित्य दुबे, डॉ शरद वाजपेयी, डॉ राजेश शुक्ला मौजूद रहे।



रावत मेमोरियल ड्रिल प्रतियोगिता

## बच्चों की रही उत्साहपूर्ण भागीदारी



**निशानेबाजी कौशल का विकास करने आयोजन**

**बिलासपुर।** 7 छग. बटालियन एनसीसी बिलासपुर एवं द जैन इंटर नेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में मेजर होशियार सिंह राइफल शूटिंग कार्यक्रम एवं द जैन इंटर नेशनल स्कूल में ड्रिल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 8 कॉलेज एवं 13 स्कूल के लगभग 6 सौ प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल लोकेश देव ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों एवं प्रतिभागियों में निशानेबाजी कौशल का विकास करना, अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। शनिवार को जनरल रावत मेमोरियल इंटर स्कूल ड्रिल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके मुख्य अतिथि बिलासपुर रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग थे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएस. राजपूत ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ ही उनकी कार्यकुशलता में भी वृद्धि करता है। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गान एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया।

**कार्नर न्यूज**

# अग्नि रहित खाना पकाने व लैंडस्केप पेंटिंग स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में विद्यार्थियों के लिए अग्नि रहित खाना पकाने एवं लैंडस्केप पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की योग्यता को आधार बनाकर अपना निर्णय दिया।

अग्नि रहित खाना प्रतियोगिता समूह ई में पहला स्थान निवान मुंदड़ा (8 बी) ब्रह्मपुत्र सदन, दूसरा स्थान विवान अग्रवाल (8 बी) ब्रह्मपुत्र सदन, तीसरा स्थान सुहाना राज सिन्हा (6 ई) कावेरी सदन को मिला। सांत्वना व विशेष सराहना पुरस्कार वंश केडिया (8 बी) कावेरी सदन, विधि टावरी (7 सी) कावेरी सदन, इशिता यादव (7 ए) ब्रह्मपुत्र सदन ने अर्जित किया। निर्णायकों की भूमिका में कीर्ति सिन्हा, ममता शुक्ला, सुतापा चटर्जी व संतोष पाल रहीं। लैंडस्केप पेंटिंग प्रतियोगिता समूह एफ में प्रथम स्थान जीविशा सिंह (12 सी) नर्मदा सदन, दूसरा स्थान पर स्वस्तिका अग्रवाल (11 सी) नर्मदा सदन व अनुप्रिया दुबे (10 ए) गंगा सदन को मिला। किसी ने भी तीसरा स्थान प्राप्त नहीं किया। इस स्पर्धा में निर्णायक की भूमिका डॉ कमोद जैन, वंदना दुबे, रीतु यादव और पुष्पिंदर कौर ने निभाई। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

निवान, जीविशा को मिला प्रथम स्थान



### प्रार्थना सभा में हुआ सम्मान

संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ ने विशेष प्रार्थना सभा में विजेता बच्चों को सम्मानित कर सभी विद्यार्थियों की कला प्रतिभा की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की संयोजक अल्पना मजूमदार रहीं।

## खबर संक्षेप

### चोरीः प्रार्थी के बेटे, दोस्त खरीददारों पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** 80 लाख रुपए के सोने के जेवर चोरी कर बेचने के मामले में पुलिस ने प्रार्थी के नाबालिग बेटे, दोस्त व दो खरीददारों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया कि पूर्व में आसमा सिटी निवासी सतीश मिश्रा द्वारा उनके घर से 75 से 80 लाख रुपए के सोने के जेवर चोरी होने की शिकायत की गई थी। जांच में पाया गया प्रार्थी के नाबालिग बेटे ने अपने घर से सोने के जेवर चोरी करने के बाद अपने दोस्त तनय राय के साथ मिलकर चोरी के जेवर को दयालबंद निवासी प्रियांशु पनिकर व सरकण्डा निवासी गोपाल सोंधारा के पास बेचा है। पुलिस ने प्रार्थी के नाबालिग बेटे, उसके दोस्त व दोनों खरीददारों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बहरहाल पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है।

### ऑटो चालक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर ।** एक ऑटो चालक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सरकंडा टी आई प्रदीप आर्य ने बताया कि गीतांजलि सिटी फेस 2 निवासी ऑटो चालक नवीन चौधरी पिता उमाशंकर चौधरी 34 साल ने घर में फांसी लगा लिया था। देखने पर घरवालों ने फंदा खोलकर उन्हें इलाज के लिए सिम्स अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत्यु घोषित कर दिया है।




गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया युवक

# पंप से डिब्बे में पेट्रोल खरीदा, फिर खुद लगा ली आग, घटना सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रायल एनफील्ड बुलेट सवार युवक ने पेट्रोल पंप से डिब्बे में पेट्रोल खरीदा, फिर उसे स्वयं पर उड़ेलकर आग लगा ली, आसपास के लोगों ने आग बुझाकर उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है।

बिल्हा पुलिस के अनुसार, ग्राम पौंसरी निवासी मनजीत जायसवाल पिता लेखराम जायसवाल 28 साल ने 17 अप्रैल की दोपहर पेट्रोल पंप से डिब्बे में पेट्रोल खरीदा। उसके बाद वह अपनी रायल एनफील्ज बुलेट से निकला और 100 मीटर की दूर खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा लिया। देखते ही देखते वह आग लपटों से घिर गया और चीखते चिल्लाते हुए दौड़ने लगा, जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कुछ लोग उसकी मदद के लिए आगे आए और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। भारी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई, तब तक युवक 80 प्रतिशत जल गया था। सूचना पर डायल 108 एम्बुलेस मौके पर पहुंची और उसे इलाज के लिए बिल्हा अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति को देखते हुए रिफर कर दिया गया। परिजन के द्वारा युवक को तारबाहर स्थित बर्न एण्ड ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जाई जा रही है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।



डब्बे में पेट्रोल ले जाता युवक।



बाइक जलकर खाक।

### कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा गया

टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, दगौरी स्थित पेट्रोलपंप से युवक के द्वारा डिब्बा में पेट्रोल खरीदने की जानकारी मिल रही है। पेट्रोप पंप की जांच कर कार्रवाई करने के लिए प्रतिवेदन बनाकर खाद्य विभाग को भेजा गया है। झुलसे युवक के परिजनों का बयान नहीं हो पाया है।

### नियम ताक पर रखकर दे रहे पेट्रोल

जिला प्रशासन ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को डिब्बों में पेट्रोल, डीजल देने की मनाही की है, उसके बावजूद नियम विरूद्ध पेट्रोल पंप में डिब्बा, पानी बाटल में पेट्रोल बेचा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी पेट्रोल पंपों की जांच और कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इस मामले में भी पुलिस ने पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।

### शार्टसर्किट होने से लगी आग

पुलिस ने अस्पताल में युवक का बयान लिया है। जिसमें उसने कहा है कि वह डिब्बे में पेट्रोल लेकर जा रहा था। बुलेट में शार्टसर्किट होने से आग लग गई, जबकि सीसीटीवी फुटेज में वह बाइक खड़ी करने के बाद स्वयं पर पेट्रोल डालकर आग लगा लगाते नजर आ रहा है।

-तोप सिंह नवरंग
बिल्हा टीआई

फाइल के लिए एक साल से लगा रहा था चक्कर

# 'याददाश्त बढ़ाने' पीड़ित ने अफसर के सामने फेंके बादाम



**बिलासपुर।** हाउसिंग बोर्ड कार्यालय की लापरवाही का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक साल से अपनी फाइल के लिए चक्कर काट रहे व्यक्ति ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। उसने अधिकारी को बादाम भेंट कर उनकी "याददाश्त बढ़ाने" की सलाह दे दी।

बिलासपुर के अभिलाषा परिसर तिफरा स्थित हाउसिंग बोर्ड कार्यालय में एक व्यक्ति पिछले एक साल से नामांतरण के लिए भटक रहा है। पीड़ित तरुण साहू ने बताया कि उसने ईडब्ल्यूएस फ्लैट की रजिस्ट्री कराने के बाद सभी दस्तावेज जमा कर दिए थे। आम तौर पर नामांतरण की प्रक्रिया 1 से 2 महीने में पूरी हो जाती है, लेकिन यहां 7 महीने तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब पीड़ित ने दोबारा कार्यालय पहुंचकर जानकारी ली, तो उसे बताया गया कि नामांतरण हो चुका है, लेकिन फाइल नहीं मिल रही है। पीड़ित का आरोप है कि पिछले 6 महीनों में वह 50 से ज्यादा बार कार्यालय के चक्कर लगा चुका है, लेकिन हर बार उसे यही जवाब मिलता है कि फाइल गायब है। लगातार टालमटोल से परेशान होकर आज पीड़ित ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। वह 500 ग्राम बादाम लेकर कार्यालय पहुंचा और उप संपदा अधिकारी पूनम बंजारे को देते हुए कहा कि इसे खाने से उनकी याददाश्त तेज होगी।

- हाउसिंग बोर्ड कार्यालय तिफरा का मामला

# खनिज का अवैध खनन, परिवहन व डंपिंग के मामले में ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 70 ट्रैक्टर अवैध डंप रेत, दो हाइवा समेत तीन ट्रैक्टर ट्राली जब्त

खनिजों के अवैध खनन, परिवहन व रेत डंपिंग के मामले में कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन एवं खनिज विभाग की टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। निरतू घाट पर दबिश देकर अवैध रूप डंप किए गए लगभग 70 ट्रैक्टर रेत को जब्त कर लिया गया है। इसी तरह अवैध परिवहन मामले में दो हाईवा वाहन समेत तीन ट्रैक्टर ट्राली की जब्ती बनाई गई है।

जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश के तहत तखतपुर एसडीएम के मार्गदर्शन में आज सुबह राजस्व विभाग, खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम निरतु के घाट पर दबिश दी। इस दौरान अरपा नदी पर अवैध रूप से रेत उत्खनन, परिवहन करते हुए एक जेसीबी मशीन और हाईवा को मौके पर पकड़ा गया। दोनों वाहनों को तत्काल जब्त कर कोनी थाना के सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान निरतू में अवैध रूप से डंप की गई रेत पर भी कार्रवाई करते हुए लगभग 70 ट्रैक्टर रेत को जब्त किया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध उत्खनन, परिवहन करने वालों में हड़कंप मचा रहा। इसके अलावा खनिज अमला द्वारा सकरी, गनियारी, तुरकाडीह, कोनी, मस्तूरी, पचपेड़ी, जोंधरा, गोपालपुर, कुकुरदिकला, भिलोनी, मानिकचौरी क्षेत्र की जांच की गई।

इस जांच के दौरान सकरी क्षेत्र में खनिज गिट्टी का परिवहन करते 1 हाइवा वाहन को जब्त किया गया है। पचपेड़ी क्षेत्र में ईंट मिट्टी का परिवहन करते 1 ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया और जोंधरा क्षेत्र में रेत का परिवहन करते हुए 1 ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया। इस प्रकार पांच वाहनों को पुलिस थाना सकरी व पचपेड़ी के अभिरक्षा में सौंपा गया है।

राजस्व, खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई



थाने में जब्त वाहन।







